संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 22 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 79 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## अनंत शक्तियों से संपन्न हैं देवी का पहला स्वरूप



वन्दे वांच्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम ।
वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम ॥


नवरात्रि में दुर्गा पूजा के अवसर पर दुर्गा देवी के नौ रूपों की पूजा-उपासना बहुत ही विधि विधान से की जाती है। इन रूपों के पीछे तात्विक अवधारणाओं का परिज्ञान धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक है। मां दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के वहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। ये ही सती के नाम से भी जानी जाती हैं।

## राइट टू हेल्थ बिल का विरोधः जयपुर में डॉक्टर्स-पुलिस के बीच झड़प



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**जयपुर** में मंगलवार को राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टर्स और पुलिस के बीच झड़प हो गई। डॉक्टर विधानसभा की ओर जा रहे थे। झड़प के बाद पुलिस ने वाटर कैनन चलाकर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश की। एक दिन पहले भी डॉक्टर्स पर लाठीचार्ज हुआ था। इसके विरोध में डॉक्टरों ने काम बंद कर दिया है। डॉक्टर्स का आरोप है कि सरकार ने उनकी शर्तों और सुझावों को बिल में शामिल नहीं किया है। इस कारण यह पूरा बिल ही हेल्थ सिस्टम का विरोधी दिख रहा है। डॉक्टर्स ने बिल के खिलाफ रातभर जयपुर के स्टैच्यू सर्किल पर धरना दिया। इनके सपोर्ट में अब सवाई मानसिंह अस्पताल के रेजिडेंट और सीनियर डॉक्टर्स भी आ गए हैं।


## पीएम मोदी बताएं नड्डा का कंट्रोल किसके पास हैः खड़गे



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक के बेलगावी में कहा कि पीएम मोदी पूछते हैं खड़गे का रिमोट कंट्रोल किसके पास है, मैं उनसे ये पूछना चाहूंगा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का रिमोट कंट्रोल किसके हाथ में है खड़गे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सच बोल रहे हैं इसलिए मोदी की भाजपा सरकार उन्हें परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी बातों से उन्हें डर नहीं लगता है और वे किसी भी चीज के लिए तैयार हैं।

**बेलगावी रैली में बोले थे मोदी- कांग्रेस खड़गे का अपमान करती है :** 27 फरवरी को बेलगावी में एक रैली में पीएम मोदी ने कहा था कि खड़गे जी कांग्रेस के अध्यक्ष भले ही हैं, लेकिन उनकी वरिष्ठता और उम्र के बावजूद कांग्रेस उनका अपमान करती है।

## 'भाजपा सरकार ने भगोड़े मेहुल को एंटीगुआ की नागरिकता दिलाई'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भगोड़ा मेहुल चौकसी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस रद्द होने पर आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। 'आप' के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि सीबीआई- ईडी विपक्षी नेताओं के खिलाफ तो पूरी सख्ती रखती है, झूठे केस बनाकर उन्हें फंसाती है, लेकिन हजारों करोड़ के फ्रॉड करने वाले भाजपा के दोस्तों के साथ कुछ नहीं करती। मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए चड्ढा ने कहा कि भाजपा सरकार मेहुल चौकसी को रेड कारपेट सुविधा उपलब्ध करा रही है। पूरी भाजपा उसे बचाने में लगी हुई है। चड्ढा ने ईडी-सीबीआई पर सवाल उठाते हुए कहा कि बहुत दुख की बात है कि केंद्र सरकार की ईडी-सीबीआई मेहुल चौकसी के खिलाफ इंटरपोल को साक्ष्य देने में नाकाम रही।

## सिसोदिया की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की प्रवर्तन निदेशालय से जुड़ी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 25 मार्च को होगी। सिसोदिया अभी ईडी हिरासत में हैं। कोर्ट ने उन्हें 17 मार्च को पांच दिनों की ईडी हिरासत में भेजा था। कोर्ट ने मनीष सिसोदिया के सीज किए गए बैंक खाते से चेक के जरिए रोजमर्रा के खर्चों के बिल भुगतान की इजाजत दे दी थी। सिसोदिया की ओर से कहा गया कि कोई भी एजेंसी अपने कानून के दायरे में रहकर जांच करती है, लेकिन ईडी की हिरासत अर्जी में कहीं भी अपराध के तरीके का जिक्र नहीं है।

# हुलिया बदलकर भागा कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह

### जब साथी पकड़े तो वह कैसे फरार हो गया, पुलिसकर्मी क्या कर रहे थे, 4 दिन में रिपोर्ट पेश करेंः हाईकोर्ट

### पुलिस की पकड़ से दूर

= पुलिस बोली- हुलिया बदलकर भागा अमृतपाल सिंह, अब अमृतपाल पर एनएसए लगाया गया, पत्नी के खातों की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**तीन** दिन बीत जाने के बाद भी कट्टरपंथी अमृतपाल पंजाब पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस को भेष बदलने का शक है। यही वजह है कि मंगलवार को पुलिस ने अमृतपाल की कई तस्वीरें जारी की हैं। इन तस्वीरों को सभी राज्यों के साथ भी साझा किया गया है। वहीं एयरपोर्ट, सीमा सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल को सभी तस्वीरें भेजी गई हैं। आशंका है कि अमृतपाल दूसरे राज्यों के रास्ते पंजाब से भाग सकता है। यही वजह है कि पंजाब पुलिस ने अन्य राज्यों से भी संपर्क किया है। पंजाब पुलिस के आईजी (मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल का कहना है कि अन्य राज्यों से अच्छा सहयोग मिल रहा है।



**हरियाणा, चंडीगढ़ और हिमाचल में अलर्टः** पंजाब पुलिस को आशंका है कि अमृतपाल पड़ोसी राज्यों में छिप सकता है या इन राज्यों के रास्ते देश के अन्य राज्यों में जा सकता है, जहां उसे छिपने में मुश्किल न हो। जानकारी के अनुसार, पंजाब में अमृतपाल की तलाश में शुरू किए गए सर्च ऑपरेशन के साथ ही उक्त अलर्ट के बाद चंडीगढ़, हरियाणा और हिमाचल में पुलिस ने भी चौकसी बढ़ा दी है।

### पाकिस्तान और नेपाल सीमा पर चौकसी

**आशंका** यह भी जताई जा रही है कि अमृतपाल पाकिस्तान भी भाग सकता है। इसके बाद केंद्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल को अलर्ट कर दिया है। पंजाब से लगने वाली 550 किमी लंबी पाकिस्तान की सीमा पर बीएसएफ जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है। वहीं नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल के जवान मुस्तैद हैं।

### बाइक से भेष बदलकर भागा अमृतपाल

**जालंधरः** वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख एवं खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल अभी भी फरार है। 18 मार्च को जब पुलिस उसका पीछा कर रही थी। तो वह मौका पाकर अपनी मर्सिडीज कार छोड़ ब्रेजा में सवार हो गया था। इसके बाद गांव नंगल अंबिया में स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर कपड़े व हुलिये को बदला था। इसके बाद अपने तीन अन्य साथियों के साथ दो बाइक पर फरार हो गया था। यह खुलासा पंजाब पुलिस के आईजी हेडक्वार्टर सुखचैन सिंह गिल ने मंगलवार को सेक्टर-9 पंजाब पुलिस के हेडक्वार्टर में प्रेसवार्ता में किया। उन्होंने बताया कि ब्रेजा से उसे गुरुद्वारा साहिब पहुंचाने वाले चारों साथियों को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मनप्रीत सिंह उर्फ मन्ना, गुरप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी और गुरभेज सिंह उर्फ तेजा शामिल हैं।

## केजरीवाल की मान सरकार को बधाई

### 'पंजाब सरकार ने अमृतपाल मामले में अच्छा काम किया, संयम भरे कदम उठाए'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**खालिस्तान** समर्थक अमृतपाल के मामले में अदालत से भले ही भगवंत मान सरकार को इंटेलिजेंस फेलियर के लिए फटकार मिल रही हो लेकिन आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस मामले में पंजाब सरकार को बधाई दी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अमृतपाल मामले को पूरे संयम के साथ हैंडल करने के लिए पंजाब की भगवंत मान सरकार को बधाई दी। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार पर सवाल उठता था कि आप बिजली, पानी शिक्षा में तो अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप सीमावर्ती राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कायम नहीं रख पाएंगे, लेकिन भगवंत मान सरकार ने इस पूरे मामले पर जिस तरह से काम किया वह सराहनीय है। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में कहा, पंजाब में कानून व्यवस्था लागू करने के लिए और शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए भगवंत मान सरकार ने कई कदम उठाए हैं। उन्होंने बहुत संयम और मैच्योरिटी के साथ ये पूरा मामला हैंडल किया है। इसके लिए मैं भगवंत मान को और आम आदमी पार्टी की सरकार को बधाई देना चाहता हूं।

### 'कड़े से कड़ा कदम उठाने के लिए है तैयारः'

**केजरीवाल** ने आगे कहा पिछले कुछ दिनों की कार्रवाई ने दिखा दिया है कि आप सरकार कड़े से कड़ा कदम उठाने के लिए तैयार है। हम देशभक्त लोग हैं। हम भारत माता से प्यार करते हैं और अगर कोई भारत मां के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करेगा उसको बख्शा नहीं जाएगा। अगर कोई भी शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। आम आदमी पार्टी जरूरत पड़ने पर कठोर से कठोर कदम उठाने के लिए भी तैयार है।

## राहुल-अडाणी मुद्दे पर संसद 23 मार्च तक स्थगित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विपक्ष** की नारेबाजी के बाद राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार को लगातार 7वें दिन स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर 2 बजे दोबारा शुरू हुई थी। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे ही बोलने के लिए खड़े हुए सत्ता पक्ष के सांसदों ने राहुल गांधी की माफी की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने 23 मार्च तक के लिए राज्यसभा को स्थगित कर दिया।

इसके पहले जगदीप धनखड़ ने अपने चैंबर में सदन के कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई थी। जिसमें बीजेपी, वाईएसआरसीपी और टीडीपी को छोड़कर अन्य राजनीतिक दलों के नेता नहीं आए। इधर, लोकसभा की कार्यवाही भी 25 मिनट तक चली, लेकिन विपक्ष की नारेबाजी के बीच 23 मार्च सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने भी दोपहर 1 बजे अपने चेम्बर में ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई थी।

## चौकसी का नाम इंटरपोल रेड नोटिस लिस्ट से हटाया

**टीम एक्शन इंडिया/सेंट जॉन्स**
**इंटरपोल** ने भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी का नाम रेड नोटिस की लिस्ट से हटा दिया गया है। मेहुल ने रेड कॉर्नर नोटिस के खिलाफ इंटरपोल के लियोन हेडक्वॉर्टर में अपील की थी। सूत्रों के मुताबिक, रेड कॉर्नर हटाने के फैसले को सीबीआई चुनौती दे सकती है। चोकसी पंजाब नेशनल बैंक में 14 हजार करोड़ रुपए के घोटाले में आरोपी है और फिलहाल फरार है। मेहुल चोकसी मामले पर सीबीआई की तरफ से मंगलवार को बयान जारी किया गया। जांच एजेंसी ने कहा- इंटरपोल का फैसला सही नहीं है। रेड नोटिस फिर जारी कराने के लिए जो भी कदम उठाए जा सकते हैं, वो उठाए जाएंगे।

### रेड कॉर्नर नोटिस हटा

= फैसले को सीबीआई चुनौती दे सकती है। चोकसी पंजाब नेशनल बैंक में 14 हजार करोड़ रुपए के घोटाले में आरोपी है

## सुप्रीम कोर्ट नहीं सुनेगा नोटबंदी के अलग मामले


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने 2016 की नोटबंदी में बंद किए गए 500-1000 के नोटों को एक्सेप्ट करने के अलग-अलग मामलों पर विचार करने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि इसके लिए याचिकाकर्ता केंद्र सरकार के पास जाएं। कोर्ट ने सरकार को भी 12 हफ्ते के अंदर 500-1000 के नोटों के आदान-प्रदान पर जिम्मेदारी तय करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि अगर कोई याचिकाकर्ता सरकार की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है, तो वह हाईकोर्ट जाने के लिए स्वतंत्र होगा।

## मीर जाफर हैं राहुल गांधीः पात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारतीय राजनीति के आज के मीर जाफर हैं। वे भारत के शहजादे हैं, जो नवाब बनने के लिए लंदन में बयान देते हैं। उन्हें ब्रिटेन में कही बातों के लिए संसद में माफी मांगनी होगी। ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी बिना माफी मांगे निकल जाएंगे। हम उनसे माफी मंगवा कर रहेंगे। पात्रा ने यह बात प्रेस कॉन्फ्रेंस कही।

**पवन खेड़ा ने कहा- कम से कम भाजपा प्रवक्ता प्रेस कॉन्फ्रेंस तो करते हैंः** संबित पात्रा के बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि शाह और शहंशाह जानते हैं कि राहुल गांधी माफी नहीं मांगेगे। भाजपा प्रवक्ताओं की परंपरा रही है दिन में वॉट्सऐप रिचार्ज करते हैं और शाम को टीवी पर आकर कचरा बांट देते हैं। चलिए कुछ तो करते हैं, अपने बॉस की तरह प्रेस कॉन्फ्रेंस से बचते तो नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि लंदन के वफादार, हमारे स्वतंत्रता सैनानियों के खिलाफ मुखबरी करने वाले, नौ बार नाक रगड़कर इंग्लैंड से माफी मांगने वाले, वाइसरॉय से पेंशन लेने वाले जब सुबह-सुबह आकर हमें देशभक्ति का ज्ञान देते हैं।




**हंगामा** — भाजपा मुद्दाविहीन, इसलिए किया वॉकआउटः हर्षवर्धन चौहान

## हिमाचलः सदन चला नहीं और हो गया वॉकआउट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को उस समय विचित्र स्थिति पैदा हो गई। जब सदन लगा नहीं और विपक्ष ने वॉकआउट भी कर दिया। वास्तव में दोपहर के भोजनावकाश के लिए विधानसभा की कार्यवाही 2:20 बजे तक के लिए स्थगित हुई थी। विपक्ष निर्धारित समय पर बैठक में हिस्सा लेने के लिए सदन में पहुंच गया, लेकिन सत्ता पक्ष जब 15 मिनट तक सदन में नहीं लौटा, न ही विधानसभा की कार्यवाही पुनः आरंभ हुई तो पूरा विपक्ष नारे लगाते हुए बाहर चला गया। बाद में सदन की कार्यवाही शुरू होने पर संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि सरकार के सत्ता में आज 100 दिन पूरे हुए हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ने पत्रकारवार्ता रखी थी, जो लंबी चली। इस कारण सत्तापक्ष निर्धारित समय पर सदन में नहीं आ पाया। चौहान ने यह भी कहा कि इस बारे में उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को समय पर सूचित कर दिया था। संसदीय कार्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आज भाजपा मुद्दाविहीन है। इसलिए नारे लगाने के लिए बार-बार सदन से बाहर जाने का रास्ता ढूंढा और सदन से वाकआउट करके बाहर चले गए। चौहान कहा कि भाजपा की सरकार में भी कई बार ऐसा हुआ, जब मुख्यमंत्री सदन में ही नहीं आए। बावजूद इसके कांग्रेस ने सदन चलाने में सहयोग किया। उन्होंने विपक्ष को सदन में सार्थक चर्चा करने की सलाह दी और कहा कि विपक्ष सदन चलाने के लिए सरकार और विधानसभा अध्यक्ष को सहयोग दें।



# विधायक अब शहरों में भी खर्च कर सकेंगे पैसे

## बालसमंद में बनने वाले कन्या महाविद्यालय का नाम स्व.चौधरी भजनलाल के नाम पर होगा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा बजट सत्र के दौरान सदन में घोषणा करते हुए कहा कि विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत अब विधायक 2 करोड़ रुपये की राशि गांवों के साथ-साथ शहरों में भी खर्च कर सकेंगे। अब इस योजना को भी विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना कहा जाएगा। इस योजना के तहत विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक नोडल अधिकारी होंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी यूसी समय पर नहीं देता तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि हिसार जिला के गांव बालसमंद में बनने वाले कन्या महाविद्यालय का नाम स्वर्गीय चौधरी भजनलाल के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 में 4 हजार प्ले-वे स्कूल खोलने की घोषणा के अलावा वर्ष 2023-24 में 4 हजार प्ले-वे स्कूल खोले जाएंगे।

**नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा गलत आंकड़े देना उनकी स्वयं की छवि को करता है ध धूमिल:** सदन में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा सरकार पर कर्ज से संबंधितए दिए गए आंकड़ों पर मुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 22 नवंबर, 2022 से लेकर अब तक 5 बार उन्होंने अलग - अलग कर्ज के आंकड़े दिए हैं। इस प्रकार के गलत आंकड़े देना नेता प्रतिपक्ष की ही छवि को ही धूमिल करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार भौतिक विकास के साथ-साथ सामाजिक सुधार के काम भी कर रही है। हम विपक्ष की आलोचनाओं से नहीं डरते हैं, बल्कि हमारे व्यवस्था परिवर्तन के काम लगातार जारी रहेंगे।

**विपक्ष कर्ज के आंकड़ों को बताता है गलत, जबकि वर्तमान में कर्ज घटा है:** मनोहर लाल ने सदन में स्पष्ट करते हुए कहा कि पब्लिक डेब्ट यानी कर्ज के अंदर तीन मद शामिल होते हैं। विपक्ष इन सभी मदों को एक साथ मिलाकर कर्ज के आंकड़े बताता है, जोकि सही नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014-15 में स्टेट पब्लिक इंटरप्राइजेज के तहत कर्ज 69,922 करोड़ रुपये था, जबकि वर्ष 2021-22 में 47,211 करोड़ रुपये है। इसी प्रकार वर्तमान में कर्ज घटा है। उन्होंने कहा कि हमारी जीएसडीपी लगातार बढ़ रही है और वर्तमान में यह लभगग 10 लाख करोड़ तक हो गई है।



### एक विधेयक पारित किया गया

चंडीगढ़ : हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र में आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2023 एक विधेयक पारित किया गया। हरियाणा स्वैच्छिक राज्य शिक्षा सेवा नियम, 2017 के प्रावधानों के तहत वर्ष 2017-18 में सहायता प्राप्त विद्यालयों के स्वीकृत पदों पर कार्यरत अधिकांश कर्मचारियों को राजकीय विद्यालयों में नियुक्त किया जा चुका है।

### प्रदेश में बढ़ी निवेश की रफ्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे कार्यकाल में प्रदेश में निवेश की रफ्तार बढ़ी है। जनसंख्या के आधार पर हरियाणा निवेश के मामले में देश में तीसरे नंबर पर है। पहले स्थान पर प्रति व्यक्ति निवेश यानी 303 रुपये के साथ कर्नाटक पहले स्थान पर, 108 रुपये के साथ महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर तथा हरियाणा में 90 रुपये है।

### लोकल ऑडिट सिस्टम को करेंगे मजबूत

**मनोहर लाल ने कहा राज्य सरकार पंचायती राज संस्थाओं व नगर निकायों को स्वायत्त** करने की ओर अग्रसर है। वे अपना बजट खुद बनायेंगे और स्वयं खर्च करेंगे। केंद्र व राज्य वित्त आयोग से मिलने वाले पैसे मिलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार लोकल ऑडिट सिस्टम को प्रभावी बना रही है। जनता का जो भी पैसा विकास कार्यों पर खर्च होगा, उन सभी का ऑडिट किया जाएगा।

# पठन-पाठन प्रक्रिया सरल एवं प्रभावशाली बनाने के लिये द्वितीय ग्रुप की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**शैक्षिक** सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं के पाठ्यक्रम में गुणात्मक सुधार हेतु बोर्ड परिसर में मंगवलार को द्वितीय चरण की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यापकों द्वारा कक्षा-कक्ष में विद्यार्थियों के लिए पठन-पाठन विधि को ओर अधिक सरल एवं आत्मसात बनाने पर मंथन किया गया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि जब तक कक्षा में पठन-पाठन के दौरान अध्यापक-विद्यार्थी का मैत्रीपूर्ण-भावपूर्ण वातावरण तैयार नहीं हो जाता, तब तक अध्यापक द्वारा करवाया जा रहा अध्यापन विद्यार्थी के मन मस्तिष्क में नहीं बैठता और विषय वस्तु को सरलता से नहीं समझा जा सकता।

# हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह की बढ़ी मुश्किलें

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**जूनियर** महिला कोच के यौन शोषण के आरोपों से घिरे हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। चंडीगढ़ पुलिस ने डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में संदीप सिंह की ब्रेन मैपिंग कराने के लिए अर्जी दी है। अब इस मामले में 31 मार्च को सुनवाई की जाएगी। संदीप सिंह के खिलाफ पंचकूला स्टेडियम में तैनात जूनियर महिला कोच ने 30 दिसंबर को यौन उत्पीड़न किए जाने के मामले में चंडीगढ़ पुलिस में केस दर्ज कराया है।

**क्या है ब्रेन मैपिंग ?:** ब्रेन मैपिंग एक न्यूरोसाइंस तकनीक है, जिसके के जरिए ब्रेन में मौजूद तरंगों की जांच की जाती है। इस जांच से यह समझा जाता है कि आरोपी ने भयानक अपराध किया है, उसे करने के लिए उसका दिमाग किस हद तक सक्षम है।




यह एक नॉन-इंवेजिव प्रोसेस है, जिसके जरिए शरीर में किसी तरह का कोई काटना या इंजेक्शन नहीं लगाया जाता। ब्रेन मैपिंग के कारण इंसान को किसी तरह का शारीरिक या मानसिक नुकसान नहीं पहुंचता।

**कैसे होता है ब्रेन मैपिंग टेस्ट:** ब्रेन मैपिंग टेस्ट के जरिए दिमाग में उठने वाली तरंगों की स्टडी की जाती है, इसके लिए जिसका ब्रेन मैपिंग टेस्ट किया जाता है, उस व्यक्ति के सिर से सेंसर्स को कनेक्ट किया जाता है। उसके दिमाग में पता लगाने के लिए उसके सिर पर हेड कैप्चर लगाया जाता है। उस व्यक्ति के सामने क्राइम से जुड़े सीन को सिस्टम पर दिखाया और सुनाया जाता है। ब्रेन मैपिंग में नार्को टेस्ट की तरह कोई दवा नहीं दी जाती है।

**सच-झूठ का चलेगा पता:** टेस्ट लैब में कुर्सी पर बैठाकर इस खास तकनीक से सच और झूठ का पता लगाया जाता है। जिस मशीन को सिर के सेंसर्स से कनेक्ट किया जाता है, उसी मशीन पर आ रही तरंगों को देखकर यह पता लगाया जाता है कि वह कितना सच या झूठ बोल रहा है। जब भी किसी आरोपी को लेकर लैब जाया जाता है तो इसके पहले खास तैयारी करनी होती है। लैब में सबसे पहले एफएसएल एक्सपर्ट उस केस स्टडी को देखते हैं और फिर सवालों की लिस्ट तैयार की जाती है। इसके बाद शुरू होता है आरोपी का इंटरव्यू। कई बार एक ब्रेन मैपिंग करने में 7 से 8 दिन का वक्त लग जाता है।

**8 चंडीगढ़ पुलिस कराएगी ब्रेन मैपिंग; कोर्ट में दी अर्जी, 31 मार्च को होगी सुनवाई**

# हिसार में महिला को घोंपा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हरियाणा के हिसार की रेड स्कवायर** मार्किट में 24 वर्षीय महिला को उसके लिव इन पार्टनर ने चाकू मार दिया। युवक उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहता था। गंभीर रूप से घायल महिला को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और जायजा लिया। युवक ने महिला पर 8-10 बार चाकू से वार किया। इसके बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में लगी है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 33 में एक महिला कई साल से युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। युवक सेक्टर में ही चिकन का खोखा चलाता है। अब कुछ दिनों से दोनों में किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी। महिला इस कारण से हिसार के पास एक गांव में अपनी मौसी के पास चली गई।

**रेस्टोरेंट में बुलाकर किया चाकू से वार:** बताया जा रहा है कि लिव इन पार्टनर ने महिला को आज एक रेस्टोरेंट में मिलने के लिए बुलाया। जब महिला मिलने के लिए पहुंची तो पार्टनर ने उस पर पेट व कमर में चाकू से 8-10 बार वार किया। युवती को घायल हालत में छोड़ कर वह मौके से फरार हो गया।

**युवक-युवती एक ही गांव के:** सूचना मिली है कि युवक-युवती दोनों एक ही गांव के हैं। दोनों सेक्टर 33 में रह रहे थे। दोनों का एक बच्चा भी है। कुछ दिनो से अनबन होने के बाद महिला अपनी मौसी के पास रहने के लिए चली गई थी। आज युवक ने महिला को बहाने से बुलाया और महिला पर चाकू से हमला कर दिया। फिलहाल महिला नागरिक अस्पताल में भर्ती है। वही पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# भारतीय जनता पार्टी में हर कार्यकर्ता है मजबूत स्तंभ: सुधीर सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा की ओर से समालखा में आयोजित विशाल शक्ति केंद्र संगम से लौटे गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने इसे संगठन की मजबूत की दिशा में अहम बताया है। उन्होंने कहा कि इस संगम में सिर्फ संगठन नहीं, बल्कि समाज के लिए किए जाने वाले कार्यों के लिए भी संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने उत्साहित, प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करने के लिए प्रेरित किया गया। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शक्ति केंद्र संगम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रांत संघचालक पवन



जिंदल, पूर्व सांसद एवं केंद्रीय चुनाव समिति सदस्य डा. सुधा यादव की ओर से आगामी चुनावों के मद्देनजर पन्ना प्रमुख रचना, बूथ सशक्तिकरण, लाभार्थी सम्पर्क आदि विषयों पर दिशा-निर्देश दिए गए। इस संगम में 6 लोकसभा सांसद, मंत्री, विधायक समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता इस अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सिद्धांत और अनुशासनात्मक तरीके से काम करने वाली भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित है। कार्यकताओं को तराशकर ही भाजपा में ऊंचे ओहदे पर पहुंचाया जाता है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने के पीछे भाजपा का अनुशासन, कार्यकताओं की कर्मठता ही है।

# कैथल में सरसों की खरीद न होने पर धरना

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**हरियाणा के** कैथल की नई अनाज मंडी में मंगलवार को सरकार की तरफ से सरसों की खरीद नहीं की गई। इसके बाद गुस्साए किसानों ने मार्किट कार्यालय में धरना दिया और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता किसान नेता होशियार गिल ने की। किसान नेता होशियार गिल का कहना था कि मंगलवार सुबह के समय कुछ किसान सरसों बेचने के लिए नई अनाज मंडी में पहुंचे थे, लेकिन सरकारी एजेंसियों ने सरसों में नमी होने का हवाला देकर सरसों की खरीद नहीं की। उन्हें जवाब दिया गया कि पहले सरसों की फसल की नमी को सूखाएं। इसके बाद ही सरसों की सरकारी खरीद शुरू की जाएगी। मार्किट कमेटी के सचिव सतबीर के आश्वासन के करीब आधे घंटे के बाद किसानों ने अपना धरना समाप्त किया। बता दें कि कुछ दिन पहले ही हैफेड की ओर से सरसों की खरीद का फैसला लिया है।

हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत ने कहा कि सरसों की खरीद हैफेड की तरफ से 5450 रुपए की जा रही है। हैफेड का उद्देश्य है गरीब किसान की फसल का उचित दाम मिले। परंतु कैलाश भगत के आश्वासन के दो दिन बाद ही नई अनाज मंडी में सरसों की फसल की खरीद बंद कर दी गई।

# झज्जर में कई गांवों के किसानों की डीसी से गुहार

## बारिश-ओलावृष्टि से फसलें खराब; प्रशासन मुआवजा दिलाए, ई-पोर्टल पर आवेदन के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
**हरियाणा** के झज्जर में ओलावृष्टि और बारिश से तबाह हुई फसल के मुआवजे की मांग को लेकर एक दर्जन से ज्यादा गांवों के किसान मंगलवार को झज्जर पहुंचे। किसानों ने फसल खराबे को लेकर डीसी से मुलाकात की और जल्द से जल्द उनकी बर्बाद हुई फसलों की विशेष गिरदावरी करा कर उन्हें उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।

**डीसी ने सुनी किसानों की बात:** डीसी ने किसानों से बातचीत कर फसलों में बारिश व ओले की मार को लेकर जानकारी ली। किसानों को आश्वासन दिया कि मामला प्रशासन के संज्ञान में है और



किसानों की बर्बाद हुई फसल को लेकर प्रशासन पहले से ही गंभीर है। इसलिए वह बगैर किसी देरी के सरकार द्वारा जो ई क्षतिपूर्ति पोर्टल बनाया हुआ है, उसमें वह अपनी बर्बाद हुई फसल के नुकसान का ब्योरा दर्ज कराएं।

**पोर्टल पर दर्ज कराएं नुकसान:** किसान इसके लिए किसी की भी मदद ले सकते हैं और इसमें वह देरी ना करें। पोर्टल पर किसान का नुकसान दर्ज होने के बाद उन्हें जल्द से जल्द मुआवजे का ब्योरा शासन और प्रशासन के पास पहुंच जाएगा और सरकार को भी उन्हें मुआवजा देने में आसानी रहेगी।

**इन गांवों के किसान पहुंचे:** किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि से उनके क्षेत्र में हजारों एकड़ किसानों की फसल बर्बाद हुई है और यदि किसानों को मुआवजा समय रहते नहीं मिला तो किसान पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि डीसी की तरफ से आश्वासन मिला है और वह अपनी फसल खराबे का पोर्टल पर नुकसान दर्ज कराने को प्रयासरत है। झज्जर के गांव नौगावा, अकेहडी मदनपुर, सासरोली, अमादल शाहपुर, रूडियावास सहित एक दर्जन से ज्यादा गांव के किसान डीसी से मिलने पहुंचे थे।

# कैथल में लिव-इन में रह रही भाभी से रेप

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**हरियाणा** के कैथल में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला से उसके पार्टनर ने पर दुष्कर्म किया। महिला रिश्तेदारी में आरोपी युवक की भाभी लगती है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी युवक शैलेंद्र की मंगलवार को शादी थी, लेकिन दुष्कर्म का केस दर्ज होने की सूचना मिलने के बाद वह फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**5 साल से थे दोनों साथ:** पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तितरम थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक शैलेंद्र करीब पांच साल से रिश्ते में भाभी लगने वाली महिला के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था। महिला शादीशुदा भी है और उसके दो बच्चे भी हैं। युवक की एक और प्रेमिका थ। उसकी मंगलवार को प्रेमिका के साथ शादी थी। शादी से पहले ही रंग में भंग पड़ गया।

**प्रेमिका से आज था विवाह:** लिव इन पार्टनर भाभी उसकी शादी से पहले ही महिला थाना पहुंच गई। उसने युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर शिकायत दे दी। युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस इससे पहले कि उसे गिरफ्तार कर पाती, वह केस दर्ज होने की सूचना मिलते ही भाग गया।

# दिव्यांग बच्चो के लिए हर संभव प्रयास के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रतिज्ञा ली

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
रामेश्वर सेवा संस्था द्वारा संचालित रेनू विद्या मंदिर में विश्व डाउन सिन्ड्रोम डे का आयोजन किया गया। संस्था के चेयरमैन एवं संस्थापक नानक चंद गुप्ता ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने दिव्यांग बच्चो के लिए हर संभव प्रयास के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रतिज्ञा ली। संस्था के उप निदेशक बिजेंद्र कुमार ने बताया की डाउन सिंड्रोम एक जेनेटिक डिसऑर्डर होता है, जो बच्चों को जन्म से ही




प्रभावित करता है और पूरी जिंदगी उन्हें किसी न किसी अक्षमता के साथ जूझना पड़ता है। डिसऑर्डर से जूझने वाले लोगों को अन्य सभी की तरह सम्मान और अधिकार नहीं मिल पाते। उन्होंने कहा कि डाउन सिंड्रोम एक ऐसी स्थिति है,जिसमें बच्चा मानसिक और शारीरिक विकारों से झूझता है। डाउन सिंड्रोम में बच्चा अपने 21वें गुणसूत्र की एक्स्ट्रा कॉपी के साथ पैदा होता है।

# साइको किलर को फांसी की सजा, 2 घंटे में की थी 6 लोगों की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
**पलवल** में 5 साल पहले 6 लोगों की हत्या करने वाले साइको किलर को न्यायाधीश प्रशांत राणा की कोर्ट ने मंगलवार को फांसी की सजा सुनाई है। दोषी ने गिरफ्तारी के वक्त पुलिस टीम पर भी हमला कर दिया था। उसे घायल अवस्था में पकड़ा गया था। आपको बता दें कि 1 जनवरी 2018 की रात पलवल जिले में उस वक्त सनसनी फैल गई थी। जब 3 घंटे के अंतराल में नरेश धनखड़ नाम के शख्स ने 6 लोगों की हत्याएं कर दी थी। 4 लोगों को मारने के बाद आरोपी आगरा-मीनार गेट के पास पहुंचा था। यहां उसने एक चौकीदार को मौत के घाट उतारा और फिर इसके बाद थोड़ा आगे चलकर एक अस्पताल में घुसकर महिला की हत्या कर दी थी। पुलिस को समझ ही नहीं आ रहा था कि एक के बाद एक मिल रही लाश एक ही व्यक्ति द्वारा की गई हत्या है। हत्या का पेटन भी एक जैसा था। नरेश धनखड़ ने जिनकी हत्या की उन पर सबसे पहले सिर पर ही वार किए थे। एक साथ 6 लोगों की हत्या होने के बाद जिले में सनसनी फैल गई थी।

# सरकार को उन जातियों के उत्थान के लिए विशेष अवसर मुहैया करवाने चाहिए: धनवाल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**हरियाणा** ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री प्रिंस धनवाल ने पिछड़ा वर्ग के लोगों के अधिकारों के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल से मुलाकात की। प्रिंस धनवाल ने उनसे मांग की कि सरकार ओबीसी में उन जातियों की पहचान करे जिन्हें आरक्षण की लाभ नही मिल रहा। उन्होंने कहा कि सरकार को उन जातियों के उत्थान के लिए विशेष अवसर



मुहिया करवाने चाहिए। धनवाल ने कहा कि ओबीसी में ऐसी जातियां भी है जो सामाजिक और आर्थिक और राजनैतिक स्तर पर पिछड़ी नही है लेकिन पिछड़े वर्ग को मिलने वाले आरक्षण की मलाई वो जातियां खा रही है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री ने पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य से मांग की कि पिछड़ा वर्ग आयोग इन जातियों को चिन्हत करे और और उचित कार्यवाही करे ताकि आरक्षण उसी आदमी को मिल सके। धनवाल ने मांग की कि पिछड़े वर्ग के लिए अनुसूचित जाति की तरह विधान सभा में भी सीटों का आरक्षण होना चाहिए।

# विश्व कविता दिवस मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** साहित्य अकादमी द्वारा अकादमी परिसर में एक अनूठे ढंग से विश्व कविता दिवस एवं नवसंवतसर मनाया गया। इस कविता-गोष्ठी में स्थानीय प्रमुख कवियों के अलावा अकादमी के सभी कर्मियों ने कविता-पाठ किया।

हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. चन्द्र त्रिखा ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि विश्व कविता दिवस, पूरे विश्व में यूनेस्को के घोषित मानदंडों के आधार पर मनाया जाता है। श्री रामधारी सिंह दिनकर के इस कथन को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि कविता, शब्द नहीं, शांति है कोलाहल नहीं, मौन है। कुछ अवसरों पर यह देव लोक के मधुर संगीत की गूंज समान लगती है। कविता, कल्पना, विचारों तथा शब्दों के बेहतरीन तालमेल का नाम है। काव्यकार तब तक अपनी कलम नहीं चलाता जब तक स्याही प्रेम की आहों में सराबोर नहीं हो जाती।

इस संगोष्ठी में अकादमी के कर्मचारियों ने भी स्वरूचि की कविताओं का पाठ किया। कविता गोष्ठी का संचालन श्रीमती मनीषा नांदल ने किया।

# 'नुकसान की भरपाई के लिए प्रति एकड़ 50 हजार मुआवजा दे सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**कांग्रेस** युवा खेल प्रकोष्ठ के पूर्व युवा प्रदेशउपाध्यक्ष राजेश पहलवान पुरखासिया ने कहा है कि गन्नौर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे में गन्नौर में 45 एमएम बरसात दर्ज हुई है इस दौरान ओलावृष्ट भी हुई जिससे खराब हुई गेहूं फसल की सरकार तुरंत विशेष गिरदावरी करवाए और किसानों को हुए नुकसान की भरपाई लिए प्रति एकड़ 50 हजार रुपये किसानों को दे.राजेश पहलवान पुरखासिया ने पांची जाटान राजपुर, राजलू गढी, उदेशीपुर, पुरखास धीरान पुरखास राठी, कैलाना, सैय्या खेड़ा बजाना



कलां बजाना खुर्द, पुगथला के किसानों सुनील, महाबीर, सुन्दर, संदीप, लक्ष्मन, सुशील शास्त्री, सुभाष व सतेंद्र के साथ बात करके बरसात से हुए नुकसान की जानकारी ली। इन किसानों ने बताया कि गेंहू की फसल के लिए सीजन अच्छा मौसम रहा, गेंहू की फसल का उत्पादन अच्छा रहने की उम्मीद थी, किसान अपने खून पसीने की मेहनत से इस मंहगाई के दौर में अपनी फसलों को तैयार करता है।

इसलिए हरियाणा सरकार बारिश के रूप में आई इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए खराब हुई फसल की स्पेशल गिरदावरी कर किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपए मुआवजा राशि दे सरकार ताकि किसान अपने परिवार को पालन-पोषण कर सके।

**8 गन्नौर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे में गन्नौर में 45 एमएम बरसात दर्ज हुई है**


# किसानों को खराब फसलों का तुरंत मिले मुआवजा: पूर्व मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने मंगलवार को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश नांदल और जिला अध्यक्ष अजय बंसल के साथ बेमौसम बारिश से खराब हुई फसलों का जायजा लिया। उन्होंने ब्राह्मणवास, चमारियाँ, जिन्दराण गांव समेत आसपास के कई गांव के खेतों में पहुंचकर किसानों से बातचीत की और उनका दुख-दर्द साझा किया। पूर्व मंत्री ने मौके पर ही जिले के संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर फसलों का फीडबैक दिया और कहा कि हरगांव की रिपोर्ट तैयार करें। ग्रोवर और नांदल ने किसानों को आश्वस्त किया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बातचीत की जाएगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि अपनी-अपनी खराब फसलों का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर जरूर डालें ताकि प्रभावित किसानों को पर्याप्त मुआवजा मिले।

# राशनलाइजेशन कमीशन का हुआ गठन

## ग्रुप ए, बी, सी और डी से सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों की सेवा शर्तों को शासित करने के लिए विभिन्न नियम बनाए: मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**8 हरियाणा सरकार विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में पदानुक्रम स्तर निर्धारित करने के लिए समय-समय पर प्राप्त प्रस्तावों की जांच करती है और उन पर विचार करती है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रुप ए, बी, सी और डी से सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों की सेवा शर्तों को शासित करने के लिए विभिन्न नियम बनाए हैं। सिविल सेवाओं में सुधार के लिए समय-समय पर कई निर्देश भी जारी किए हैं। इसके अलावा, हरियाणा सरकार विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में पदानुक्रम स्तर निर्धारित करने के लिए समय-समय पर प्राप्त प्रस्तावों की जांच करती है और उन पर विचार करती है। इसके लिए राज्य सरकार ने राशनलाइजेशन कमीशन, हरियाणा का गठन किया है। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्न काल के दौरान सिविल सेवाओं में सुधार से संबंधित लाए गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि आज कुल 166 आईएएस अधिकारी राज्य में सेवारत हैं और 237 एचसीएस (कार्यकारी शाखा) अधिकारी भी राज्य में सेवा दे रहे हैं। इसके अलावा, हरियाणा लोक सेवा आयोग ने रजिस्टर - बी (सीधी भर्ती के लिए एचसीएस (कार्यकारी शाखा) में नियुक्ति के लिए 48 उम्मीदवारों की सिफारिश की है और इन 48 उम्मीदवारों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि 14 आईएएस अधिकारी वर्तमान में केंद्र सरकार के साथ प्रतिनियुक्ति पर हैं और 2 आईएएस अधिकारी केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ प्रशासन के साथ हैं। एचसीएस (कार्यकारी शाखा) के 4 अधिकारी केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ प्रशासन में प्रतिनियुक्ति पर हैं। मनोहर लाल ने कहा कि विधायक ने सिविल सर्विस सुधारों के लिए जो भी सुझाव दिये हैं, उनमें से जो भी व्यावहारिक होंगे, सरकार उन सुझावों पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का स्थानांतरण प्रशासनिक प्रक्रिया है और प्रशासनिक स्तर पर होती हैं। आवश्यकता तथा अधिकारियों की क्षमता के अनुसार स्थानांतरण किये जाते हैं, इसलिए स्थानांतरण हेतु कोई मापदंड तय नहीं किये जा सकते हैं।

### 'ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान की होगी विशेष गिरदावरी'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण खराब हुई फसलों की विशेष गिरदावरी करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र में यह घोषणा की है। मंगलवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के तुरंत बाद कांग्रेस विधायक शमशेर गोगी ने मुख्यमंत्री का ध्यान इस तरफ दिलाया। मुख्यमंत्री ने किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी फसल के नुकसान की जानकारी ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर तय समय यानी 72 घंटे में दर्ज करना सुनिश्चित करें ताकि खराब हुई फसलों का समय पर मुआवजा उन्हें दिया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार अपने किसान भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। किसानों के हितों की रक्षा और उनका कल्याण सुनिश्चित करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए किसान भाई भी पोर्टल पर अपनी फसल क्षति की जानकारी जल्द से जल्द अपलोड करें ताकि उचित सत्यापन के बाद उन्हें मुआवजे का भुगतान किया जा सके।

## जींद में बारिश-हवा से जमीन पर बिछी गेहूं



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**हरियाणा** के जींद में सोमवार शाम को तथा रात को हुई तेज बारिश ने किसानों के अच्छी फसल के अरमानों पर पानी फेर दिया है। बारिश के साथ चली हवाओं के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की 85 प्रतिशत फसल बिछ चुकी हैं। उत्पादन पर प्रति एकड़ 2 क्विंटल से ज्यादा का असर पड़ेगा। वहीं शहर में देवीलाल चौक पर बने अंडरपास में पानी भरने से रास्ता बाधित हो गया। व्यापारियों ने मांग की है कि फाटक को खोला जाए। जींद, उचाना, अलेवा, जुलाना में हुई तेज बारिश के बाद किसानों का कहना है कि इस समय बारिश की ज्यादा जरूरत नहीं थी, बारिश के साथ ओलावृष्टि से गेहूं की फसल बिछ गई तो वहीं पैदावार पर भी इसका असर पड़ेगा। कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉ. राजेश ने कहा कि अगले दो दिनों तक बारिश के आसार बने रहेंगे। किसान अपनी फसलों में पानी देने और स्प्रे करने से बचें। सरसों की कटाई चल रही है, इसलिए कटी हुई सरसों को सेफ जगह पर नहीं रखा गया तो ज्यादा नुकसान की आशंका है। किसान रामकला, गुरमेल, सूरजमल, रमेश, सतपाल, रामदिया आदि ने कहा कि ओलावृष्टि के बाद चली हवाओं से फसलें बिछ गई हैं। इस बारिश का पैदावार पर भी असर पड़ेगा। इसलिए किसानों को मुआवजा दिया जाए। वहीं रामराय, भैण, गुलकनी के किसानों ने भी ओलावृष्टि से खराब हुई सरसों और गेहूं की फसल के उचित मुआवजे की मांग की है। इसके अलावा जींद शहर की बात की जाए तो देवीलाल चौक पर यू आकार का रेलवे अंडरपास पिछले माह ही शुरू हुआ है। प्रशासन द्वारा दावा किया गया था कि यहां बरसाती पानी की निकासी के बेहतर इंतजाम हैं तो अंडरपास के नीचे लाइट की भी व्यवस्था है लेकिन सोमवार शाम को हुई एक घंटे की बरसात के बाद ही यहां तीन-तीन फीट पानी भर गया। इससे व्यापारियों में रोष देखने को मिला। व्यापारियों की मांग है किजब तक यहां बेहतर इंतजाम नहीं होते, तब तक रेलवे फाटक को खोल दिया जाए।

## महेंद्रगढ़-रेवाड़ी का स्टेट हाईवे बनेगा फोरलेन : डिप्टी सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने विधानसभा बजट सत्र के दौरान सदन में एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में बताया कि ट्रैफिक दबाव को देखते हुए महेंद्रगढ़-रेवाड़ी के स्टेट हाईवे को फोरलेन किया जाएगा, इससे मुसाफिरों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यह भी बताया कि महेंद्रगढ़ जिला के कनीना में भविष्य में यातायात बढ़ने की संभावनाओं को देखते हुए अगर बाईपास बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट सही आती है तो जमीन ई-भूमि पर अपलोड करने के लिए आमंत्रित की जाएगी, इसके बाद सारी कार्रवाई पूरी होने के बाद बाईपास बनाया जा सकता है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने आगे बताया कि हरियाणा सरकार ने बजट में 14 नए बाईपास बनाने के स्वीकृति दी है, वाजिब पाए जाने पर कनीना बाईपास भी बनाया जा सकता है। वहीं कोसली में जीवड़ा-गुडाना का टोल प्लाजा बंद करने के लिए स्थानीय विधायक ने डिप्टी सीएम का आभार भी व्यक्त किया।

### 'नए जिले, उपमंडल, तहसील, उपतहसील बनाने के लिए नई कमेटी बनाएगी नियम'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने विधानसभा सत्र के दौरान सदन में एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में बताया कि हरियाणा सरकार वित्तायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाएगी, जो नई उपतहसील, तहसील, उपमंडल और जिला के गठन के लिए नियम आदि तय करेगी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने आगे बताया कि फिलहाल तीन मंत्रियों की एक कमेटी बनाई गई है जो कि नई उपतहसील, तहसील, उपमंडल आदि के गठन और गांव को शामिल करने के लिए निर्णय लेती है, यह कमेटी अपना निर्णय उपायुक्त की सिफारिश पर आगे की कार्रवाई करती है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि सरकार के पास वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार ही फिलहाल जनसंख्या का आंकड़ा है। उन्होंने बताया कि अब राज्य सरकार के पास पीपीपी का विश्वसनीय डाटा बन रहा है। उसी के आधार पर उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी अपना अगला निर्णय लेकर मंत्रियों की कमेटी को रिपोर्ट भेजेगी, यह कमेटी जनसंख्या, गांव आदि के आधार पर अपनी रिपोर्ट बनाकर पेश करेगी। तत्पश्चात ही नई उपतहसील, तहसील, उपमंडल और जिला के गठन की कार्रवाई की जाएगी।

## 7वीं की 2 छात्राओं का दिनदहाड़े अपहरण की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हरियाणा** के हिसार के बरवाला में मंगलवार को 2 स्कूल छात्राओं के अपहरण का प्रयास किया गया। दोनों छात्राएं 7वी कक्षा में हैं और स्कूल से पेपर देकर पैदल घर लौट रही थी। इसी दौरान गाड़ी सवार दो लड़कों ने उनको जबरदस्ती गाड़ी में डाल कर ले जाते है। गनीतम रही कि कुछ दूरी पर पुलिस नाका था। गाड़ी रोकते ही दोनों छात्राएं भाग निकली। बरवाला पुलिस ने छात्रा के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## तेज हवा के साथ बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
**मंगलवार को** दिन भर हुई बारिश ने किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें खींच दीं। बारिश की वजह से चली तेज हवा से गेहूं की फसल गिर पड़ी जिससे गेहूं की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि पहली बारिश से अच्छी फसल उत्पाद की उम्मीद जगी थी लेकिन आज तेज हवा के साथ बारिश उन्हें नुकसान पहुंचा सकती है और जिन क्षेत्रों में ज्यादा तेज हवा और बारिश हुई है, वहां काफी नुकसान हुआ है। हालांकि इसको लेकर मौसम विभाग ने पहले भी चेतावनी दी थी। अच्छी खासी बारिश होने से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जगह-जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। बारिश में तेज हवा के कारण बिजली की सप्लाई बाधित हुई, जिसका खामियाजा उन छात्रों को भुगतना पड़ा, जो स्कूल में परीक्षा दे रहे थे और वहां लाइट गुल हो गई। बोर्ड की परीक्षाएं चल रही थीं और अधिकारियों ने परीक्षा में बैठे परीक्षार्थियों को कोई अतिरिक्त समय भी नहीं दिया।

## मुख्य सचिव ने की ग्रामीण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा



**8 मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्य सचिव संजीव कौशल ने राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा राज्य में ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) तथा अन्य योजनाओं के तहत स्वीकृत ग्रामीण अवसंरचना परियोजनाओं की समीक्षा के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का समन्वय वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने किया। प्रशासनिक विभागों के प्रधान सचिव, सचिव तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष बैठक में शामिल हुए। बैठक में अवगत करवाया गया कि हरियाणा सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र और ग्रामीण कनेक्टिविटी की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए नाबार्ड की वित्तीय सहायता से 31 मार्च तक 1440 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च किए जाने की संभावना है। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को जल्द से जल्द परियोजनाओं का लाभ मिल सके।

## विश्वविद्यालय क्वालिटी एजुकेशन को बढ़ावा दें: राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य केवल ज्ञान की प्राप्ति होना चाहिए। दुनिया में धन नहीं बल्कि ज्ञान ही असली शक्ति है। बंडारू दत्तात्रेय ने यह बात गुरुग्राम में नॉर्थ कैप विश्वविद्यालय में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए कही। इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय के 135 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की। दत्तात्रेय ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर, पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस व स्वामी विवेकानंद आदि के व्यक्तित्व के बारे में जानने से जीवन में आगे बढने की सीख मिलती है। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए ज्ञान प्राप्ति के लक्ष्य को नहीं छोड़ा। दुनिया के तीन श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों से उन्होंने डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की। राज्यपाल ने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की संख्या अधिक होने पर प्रसन्नता भी जाहिर की और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## भिवानी: बारिश ने बढ़ाई धरती पुत्र की परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया/भवानी**
**मौसम में** लगातार हो रहे बदलाव से किसान खासे परेशान है। यही नहीं पिछले दो-तीन दिनों से हो रही बारिश व ओलावृष्टि ने धरती पुत्रों की परेशानियां ओर बढ़ा दी है। बारिश व ओलावृष्टि के कारण किसानों की सरसों, गेहूं, चना की फसलों को नुकसान की आशंका है। वहीं खलिहान में रखी सरसों भीगने से अब इसकी मशीन से कढ़ाई का कार्य कई दिनों तक नहीं हो सकेगा तथा किसानों को बेचने के लिए सरसों की नमी दूर होने का इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि नमीयुक्त फसले मंडी में कम दामों पर बिक रही है। प्रदेश के कुछ जिलों में लगातार 2-3 दिन से हुई ओलावृष्टि ने भूमिपुत्रों की साल भर की कड़ी मेहनत पर पानी फेरा है, जिसके चलते गेंहू और सरसों की फसल पर अच्छा खासा असर देखने को मिला है। भिवानी जिला की बात की जाए तो दो दिनों से हुई बारिश से गेहूं की फसल पर कम असर देखने को मिला है। इसके साथ सरसों की बात करें तो कटी हुई सरसों की फसल भीगने से नमी के चलते नुकसान किसानों द्वारा माना जा रहा है।

## नारनौल में छाया रहा कोहरा, ठंड का अहसास

### बारिश और ओलावृष्टि से गिरा तापमान; कई स्थानों पर भरा पानी, किसान परेशान



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**हरियाणा** के नारनौल में इस बार मार्च महीने में मौसम का मिजाज अजब बना हुआ है। हालत यह है कि मार्च के अंतिम पखवाडा में भी धुंध दिखाई दी। जिसके चलते लोग अचंभित हैं। लोगों का कहना है कि मार्च महीने में धुंध दिखाई देना बहुत ही अजीब सा लग रहा है। धुंध सुबह करीब 10 बजे तक छाई रही। जिसके बाद ही सूर्य देव के दर्शन हो पाए। धुंध के चलते लोगों को सर्दी का भी एहसास हुआ।

**कई स्थानों पर जल भराव:** क्षेत्र में गत 16 मार्च से मौसम में बदलाव देखा गया है। 18 मार्च तक आसमान में बादल छाए रहे तथा हल्की बूंदाबांदी होती रही। इसके बाद 19 मार्च को अनेक जगह पर ओलावृष्टि भी हुई। इसके साथ-साथ 20 मार्च की शाम को अनेक गांव में ओलावृष्टि हुई। वहीं नारनौल शहर में करीब 1 घंटे तक तेज बरसात भी हुई। जिसके कारण रात के समय शहर के अनेक मोहल्लों में जल भराव भी हो गया।

**8 हालत यह है कि मार्च के अंतिम पखवाडा में भी धुंध दिखाई दी। जिसके चलते लोग अचंभित हैं**

**सर्दी का कराया अहसास:** बरसात व ओलावृष्टि के बाद मंगलवार सुबह क्षेत्र में धुंध छाई रही। सुबह लोग उठे तो क्षेत्र में हल्की धुंध पड़ रही थी। धुंध छाने की वजह से सुबह के समय लोगों को मार्च के महीने में फिर से सर्दी का एहसास हुआ। धुंध सुबह करीब 10 बजे तक छाई रही।

## कांग्रेस में फिर हुई बंपर ज्वाइनिंग...

### गुहला चीका व किसान यूनियन के नेताओं ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में ज्वाइन की कांग्रेस



**8 चुनाव लड़कर 30,000 वोट हासिल करने वाले देवेंद्र हंस ने सैकड़ों साथियों व कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस का दामन थामा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** कांग्रेस में लगातार ज्वाइनिंग का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में गुहला चीका से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़कर 30,000 वोट हासिल करने वाले देवेंद्र हंस ने अपने सैकड़ों साथियों व कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस का दामन थामा। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा सिरसा से भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों नेताओं ने भी हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस ज्वाइन की। हुड्डा ने देवेंद्र हंस, उनके तमाम साथियों और किसान नेताओं का कांग्रेस में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नये साथियों के पार्टी में आने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। सभी को पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में बीजेपी-जेजेपी और अन्य दलों से करीब 50 बड़े नेता कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। इनमें पूर्व विधायकों से लेकर पूर्व प्रत्याशी तक शामिल हैं। राजनीतिक इतिहास में ऐसा दुर्लभ ही देखने को मिलता है कि जब सत्ताधारी दलों को छोड़कर नेता विपक्षी पार्टी में शामिल होते हों। कांग्रेस के प्रति बढ़ते रुझान और जनसमर्थन से स्पष्ट है कि आने वाला समय और प्रदेश के आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी। इस मौके पर देवेंद्र हंस ने कहा कि उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व और कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया है। आज हर वर्ग बीजेपी-जेजेपी सरकार से परेशान है व सड़कों पर धरने-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर है।

## बर्बाद फसलों के मुआवजे को लेकर सरकार व किसान आमने-सामने

### किसान नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं, सरकार ने किसानों को ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 72 घंटे के अंदर नुकसान की शिकायत देने के लिए कहा



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**प्रदेशभर** में हुई बेमौसमी बरसात व ओलावृष्टि ने फसलों को बर्बाद करने का काम किया। बरसात के बाद खेतों में पहुंचे किसान अपनी खराब हुई फसलों को देखकर मायूस होकर ही लौटे। वहीं अब मुआवजे की मांग को लेकर किसान व सरकार आमने-सामने हैं। किसान नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। सरकार ने किसानों को ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 72 घंटे के अंदर नुकसान की शिकायत देने के लिए कहा है। ताकि उसके आधार पर मुआवजा दिया जा सके। इधर, किसानों व किसान नेताओं का कहना है कि ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल की जानकारी व सुविधाओं के अभाव में किसान शिकायत अपलोड नहीं कर पाएंगे। इसलिए स्पेशल गिरदावरी करके मुआवजा दिया जाए।

**स्पेशल गिरदावरी करके दिया जाए उचित मुआवजा:** बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों की गिरदावरी कर नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर किसान सभा और भाकियू ने संयुक्त तौर पर जिला राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय किसान सभा जिला प्रधान प्रीत सिंह ने कहा की जिले में हुई भारी बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचा है। जिसकी स्पेशल गिरदावरी करके उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि फसल लगभग पककर तैयार थी, सरसों की तो कटाई चल रही है। कटी हुई सरसों तो झड़ गई है। इधर, बारिश और तेज हवाओं के चलते गेहूं की फसल पूरी तरह गिर गई। जो गेहूं पकाव में थे और गिर गए वो लगभग खत्म हो गए। किसान इस नुकसान को उठाने में असमर्थ है। सरकार को इसकी जल्द गिरदावरी कर किसानों के नुकसान की भरपाई करनी चाहिए।

**क्षतिपूर्ति पोर्टल भी आफत:** किसान सभा व भारतीय किसन यूनियन के नेताओं ने कहा कि सरकार क्षतिपूर्ति पोर्टल पर शिकायत अपलोड करने की बात कह रही है। जो किसानों के लिए किसी आफत से कम नहीं हैं। काफी किसानों को तो इसकी जानकारी ही नहीं है। साथ ही कई किसान ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत अपलोड करने में असमर्थ है।

### 72 घंटे में नुकसान की जानकारी दें किसान

**डॉ. यशपाल** ने जिला के किसानों का आह्वान किया कि बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण फसलों को हुए नुकसान की जानकारी ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 72 घंटे में दर्ज करवाएं। ताकि फसलों को हुए नुकसान का समय पर मुआवजा प्रदान किया जा सकें। पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने के बाद उसका सत्यापन करके मुआवजा दिया जाएगा।

# 3 अप्रैल तक मनाया जा रहा है 5वां पोषण पखवाड़ा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** अतिरिक्त उपायुक्त डा.वैशाली शर्मा ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सरकार द्वारा आगामी 3 अप्रैल तक 5वां पोषण पखवाडा मनाया जा रहा है। इस वर्ष महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से पोषण पखवाडा 3 मुख्य बिन्दुओं पर आधारित होगा, जिनमें उत्तम स्वास्थ्य के लिए श्रीअन्न/मोटा अनाज, सक्षम आंगनवाडी केंद्र तथा स्वस्थ बालक स्पर्धा शामिल है। इन बिन्दुओं पर आम जनता को पोषण पखवाडा के तहत जागरूक किया जाए और हम सब मिलकर पोषण पखवाडा को पोषण त्यौहार के रूप में मनाएं तथा महिला सरपंच, पंच तथा अन्य महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त मंगलवार को लघुसचिवालय स्थित अपने कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मनाए जाने वाले पोषण पखवाडा के सफल आयोजन को लेकर सम्बधित विभाग के अधिकारियों की बैठक में बोल रही थी। उन्होंने अधिकारियों



को आदेश दिए कि वे पोषण पखवाडा के अन्तर्गत प्रत्येक दिन आयोजित होन वाली गतिविधियों में अधिक-अधिक लोगो को जोडे और उन्हें जागरूक किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पोषण पखवाडा के दौरान खानापूर्ति नहीं होनी चाहिए। विशेषज्ञों को बुलाकर प्रत्येक दिन हर गतिविधि अच्छे तरीके से करवाई जाए, सम्बधित विभाग के अधिकारी अपना पूर्ण सहयोग दें, वे स्वयं गतिविधियों पर कडी नजर रखेंगी और किसी न किसी कार्यक्रम में शामिल भी होंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि पोषण पखवाडा 2023 का थीम सभी के लिए पोषण-एक साथ, स्वस्थ भारत की ओर है। सरकार द्वारा वर्ष 2023 को अंतंराष्ट्रीय मोटे अनाज के रूप में घोषित किया गया है। इस वर्ष पोषण पखवाडा का केंद्रबिन्दु कुपोषण को दूर करने के लिए एक मूल्यवान सम्पत्ति के रूप में श्रीअन्न को लोकप्रिय बनाने पर होगा, जिसे सभी अनाजों की जननी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाडा के तहत मोटे अनाज आधारित खाद्द्य पदार्थों को पूरक पोषण से जोड़े, घर-घर तक पहुंचने, आहार परामर्श शिविर के आयोजन के माध्यम से पोषण कल्याण के लिए, मोटे अनाज को बढ़ावा देना व इन्हें लोकप्रिय बनाया जायेगा। सक्षम आंगनवाडि ें को भी इस पखवाड़े के दौरान लोकप्रिय बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि आंगनवाडियों को लोकप्रिय बनाने एवं जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाये जायेंगे। इसके लिए, आंगनवाडियों को बेहतर पोषण, प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा के केंद्रों के रूप में उन्नत अवसंरचना और सुविधाओं के साथ समक्ष किया जायेगा। सक्षम आंगनवाडी केन्द्रों में ब्रॉडबैंड वाईफाई कनैक्टिविटी, एलईडी स्क्रीन, जल शोधक/आर.ओ मशीन इत्यादि का प्रावधान तथा वर्षा जल संचयन प्रणाली की स्थापना। स्वस्थ बालक प्रतिस्पर्धा समारोह के तहत अच्छे पोषण, अच्छे स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती के लिए प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना पैदा करके परिभाषित मानकों के अनुरूप स्वस्थ बालक की पहचान करके इसका उत्सव मनाया जायेगा।

**आंगनवाड़ी केंद्र व परियोजना स्तर पर आयोजित होगी विभिन्न गतिविधियां : राजबाला**

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी राजबाला ने बैठक में बताया कि पोषण पखवाडा के प्रचार -प्रसार के लिए, आंगनवाड़ी एवं परियोजना स्तर पर विभाग द्वारा अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण रैली, प्रभात फेरी, माता समूह के साथ बैठक, गृह भ्रमण, हैंड वासिंग, वृद्धि निगरानी, आपदा प्रबंधन, पोषण वाटिका की स्थापना, संध्या बैठक आयोजन, दिवाल लेखन, किशोरी समूह की बैठक, प्रश्नोतरी, चित्रकारी, निबंध व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, योग एवं आयुष गतिविधि, जीविका समूह के साथ बैठक, एनीमिया कैंप, पौधा रोपण आदि गतिविधियां आयोजित की जायेगी।

# योगेंद्र ने लिया फसलों के नुकसान का जायजा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** राज्य में हाल ही में हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बेमौसमी बरसात से हुए फसलों के नुकसान का जिला के कई गांवों में जाकर जायजा लिया। इसी को लेकर योगेंद्र राणा ने गांव उपलाना और उपलानी में प्रवास के दौरान खराब हुई फसल का जायजा लेकर किसानों को आश्वस्त किया कि इस घड़ी में भाजपा सरकार किसानों के साथ हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किसानों से की गई अपील के बारे जानकारी देते हुए कहा कि सभी किसान भाई 72 घंटे के भीतर क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल की स्थिति अपलोड करें। उन्होंने किसानों को बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह भी कहा है कि खराब हुई फसल की शीघ्रातिशीघ्र भरपाई हेतु विशेष गिरदावरी करवाई जाएगी। इसलिए सभी किसान भाई शीघ्रता से क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल की स्थिति अपलोड करें। योगेंद्र राणा ने किसानों से आग्रह किया है कि वे मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर अपने बैंक खाते को वेरिफाई करें, ताकि पात्र व्यक्तियों को उनकी फसल नुकसान का मुआवजा जल्द से जल्द मिल सके।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी बरखा की पहचान बने सियाराम मसाले



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना का लाभ लेने में करनाल जिला की महिलाएं भी पीछे नहीं है। ऐसी ही एक महिला घरौंडा खंड के गांव अराईपुरा की रहने वाली बरखा पत्नी विक्रम है, जो चांदनी नाम से स्वयं सहायता समूह चला रही है। वर्ष 2017 में चांदनी ग्रुप में शामिल होकर सियाराम नामक मसाले का ब्रांड विकसित करते हुए बरखा ने अपनी आय में सालाना लगभग अढ़ाई गुणा की वृद्धि की है। आज बरखा करीब 8 हजार रुपये प्रतिमाह कमा रही है। 34 वर्षीय बरखा 12वीं पास है और पढ़ी-लिखी महिलाओं के समक्ष एक उदाहरण बनी है। बरखा ने बताया कि वह अपने बनाए हुए उत्पादों को हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित कई प्रदर्शिनयों में प्रदर्शित कर चुकी हैं। बरखा अपनी सफलता के बारे में बताती है कि उनके मसाले अराईपुरा गांव में ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्र में भी मशहूर हैं। इन मसालों के स्वाद के कारण बरखा की पहचान बन रही है। वह दिन दूर नहीं जब बरखा हजारों परिवारों की रसोई का जायका बढ़ाने के लिए प्रसिद्ध होंगी। वह सरकार की हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना का धन्यवाद करते हुए कहती हैं कि मिशन ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव किया है और आने वाले समय में भी वे इस मिशन की बदौलत अपने लक्ष्य को प्राप्त कर अपने परिवार को बड़ी आर्थिक सहायता प्रदान करने में सक्षम होंगी।

### एनडीपीएस एक्ट को लेकर मधुबन में हुआ दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, मुख्यालय मधुबन में हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख अमिताभ सिंह ढिल्लो, पुलिस महानिरिक्षक के कुशल नेतृत्व, मार्ग निर्देशक व दिशा-निर्देशों के अनुसार एनडीपीएस एक्ट बारे दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, जिला न्यायवादी महिपाल सिंह एवं हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो समस्त ईकाई से व समस्त हरियाणा के प्रत्येक जिला से एंटी नारकोटिक्स के अनुसंधानकर्ता शामिल हुए। हरियाणा नार्कोटिक्स पुलिस अधीक्षक ताहिर हुसैन द्वारा एवं जिला न्यायवादी महिपाल सिंह द्वारा अनुसंधानकताओं को एनडीपीएस एक्ट की प्रक्रिया को समझाया गया। इसके अतिरिक्त उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राजेश कुमार द्वारा अनुसंधानकर्ता को मुकदमा में किन कमियों की वजह से आरोपी बरी होता है, उस बारे में बतलाया गया है। उप निरीक्षक मलकीत सिंह द्वारा हाक साफ्टवेयर के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में लगभग 35 अनुसंधानकताओं ने भाग लिया। अनुसंधानकताओं को एनडीपीएस एक्ट की शुरूआत से लेकर अंत तक की प्रक्रिया को समझाया गया। अनुसंधानकताओं को अभियोग को सफल बनाने की पूरी जानकारी दी गई।

### मिक्सड यूज डेव्लेपमेंट प्रोजैक्ट, स्वीमिंग पूल और कैलाश हॉकी स्टेडियम प्रोजैक्ट प्रगति पर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव की निरंतर मॉनिटरिंग से शहर में स्मार्ट सिटी के कई बड़े प्रोजेक्ट अच्छे-खासे आकार में आ गए हैं। यह आधुनिक तकनीक एवं उम्दा निर्माण सामग्री का बेजोड़ संगम हैं। बतौर उपायुक्त प्रयास किए जा रहे हैं कि सभी प्रोजैक्ट तय समय सीमा में पूरे हों, ताकि जनता को इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। मंगलवार को उपायुक्त ने 3 परियोजनाओं की विजिट कर उनका निरीक्षण किया।
मिक्सड यूज डेव्लेपमेंट प्रोजैक्ट-यह शहर के बीचों-बीच निमार्णाधीन है और इस पर बड़े जोरों से काम चल रहा है। पहले यहां नगर निगम तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय सहित महिला आश्रम व नारी निकेतन जैसे भवन थे, जो काफी पुराने और बेतरतीब दिखाई देते थे। लेकिन अब यहां अत्याधुनिक तकनीक से नए भवन बनाए जा रहे हैं। बड़ा प्रोजैक्ट होने के नाते इस पर 106 करोड़ रुपये की लागत बताई गई है। इसमें 49 करोड़ रुपये की राशि, इस प्रोजैक्ट के कॉमर्शियल कॉम्पलैक्स पर खर्च होगी, शेष राशि से महिला आश्रम, नारी निकेतन और इसके दूसरे फेज के निर्माण कार्य किए जाएंगे। प्रगति की बात करें तो अब तक यहां नारी निकेतन बिल्डिंग का स्ट्रक्चर पूरा हो गया है जबकि पहली मंजिल तक महिला आश्रम का ढांचा भी तैयार है। कॉमर्शियल कॉम्पलैक्स की एक ब्लॉक की फाउंडेशन हो चुकी है, दूसरे की खुदाई चल रही है।
निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बताया कि जैसे ही नारी निकेतन का भवन मुकम्मल होगा, इसी परिसर के पुराने भवन में मौजूद नारी निकेतन इसमें शिफ्ट हो जाएगा। इसी प्रकार महिला आश्रम भी नए भवन में शिफ्ट होगा। पुराने भवनों में अब तक जो कुछ बचा है, उसे तोडकर फेज 2 के रिहायशी क्वार्टर जैसे निर्माण किए जाएंगे। डीसी ने बताया कि यह बड़ा प्रोजैक्ट है, इसलिए इसकी डैडलाईन 2025 तक रखी गई है। उन्होंने कहा कि शहर के मध्य में स्थित होने के कारण इस जगह का महत्व बहुत अधिक रहेगा। कॉमर्शियल कॉम्पलैक्स एक मॉल या बिग बाजार की तरह होगा, जिसमें लोगों का बहुत बड़ा फुटफॉल रहेगा, जिससे अच्छी खासी आय अर्जित होगी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं. : 9991270143

# लोधी समाज ने मनाया महारानी अवंति बाई लोधी का बलिदान दिवस



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** लोधी समाज द्वारा सन् 1857 के स्वाधीनता संग्राम की प्रथम स्वतंत्रता प्रणेता अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी का 165वां बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर लोधी समाज की सभी संस्थाओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर उनके देश एवं समाज के लिए दिए गए योगदान को याद किया गया। लोधी समाज के जिलाध्यक्ष मोहन लोधी ने बताया कि आज अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का 165 वां बलिदान दिवस है। उन्होंने कहा कि अमर शहीद वीरांगना महारानी रानी अवंतीबाई लोधी जी के चरणों में लोधी समाज के सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई है।

# ए स्टैप टुवाड्र्स ग्लोबल पावर विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**आर्य गर्ल्ज कॉलेज**, अम्बाला छावनी के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा, हरियाणा द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी गुडविल डिप्लोमेसी ऑफ इंडियाः ए स्टैप टुवाड्र्स ग्लोबल पावर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मंच संचालन का कार्य डॉ. सुनीता शर्मा, संस्कृत विभागाध्यक्ष, आर्य गर्ल्ज कॉलेज द्वारा किया गया। डॉ. सुनीता ने संगोष्ठी के विषय पर प्रकाश डाला तथा आए हुए अतिथियों का परिचय दिया। डॉ. अनुपमा आर्य, प्राचार्या ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का आगाज दीप



प्रज्जवलन से किया गया। तत्पश्चात डॉ. अमनीत कौर, विभागाध्यक्ष, राजनीति शास्त्र ने संगोष्ठी के विषय का सार प्रस्तुत किया तथा भारत की वैश्विक शांति, वसुधैव कुटुम्बकम, मानव उत्थान की भावना, नेबरहुड फस्ट पॉलिसी आदि विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन पॉलिसीज के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की एक अलग पहचान बन चुकी है। इसके पश्चात मुख्यातिथि डॉ. हुकुम सिंह ने संगोष्ठी के विषय पर बातचीत करते हुए पं. जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी जी, भारत की वैश्विक शांति की नीति, विदेश नीति आदि विषयों पर प्रकाश डाला तथा कहा कि भारत ने अपनी विदेश नीति से सारे संसार में अपना लोहा मनवाया है। मुख्य वक्ता डॉ. विकास सभरवाल, चेयरपर्सन पॉलिटिकल डिपार्टमेंट, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र ने अपने वक्तव्य में इंडियन सॉफटवेयर, वेस्टनर्र सॉफट पॉवर, हैल्थ डिप्लोमेसी, स्कॉलर डिप्लोमेसी, डिवेल्पमेंट एड डिप्लोमेसी आदि विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यूनिसेफ में 50 प्रतिशत तथा कोविड 19 के दौरान 60 प्रतिशत दवाइयां दूसरे देशों को निर्यात करता रहा है। भारत ने वैक्सीन मैट्री लगभग 101 देशों को निर्यात की है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान के तहत भारत ने लगभग 50000 छात्रवृत्तियां अफ्रीकन छात्राओं को प्रदान की। इस सत्र में डॉ. राजेन्द्रा, रिटायर्ड प्रोफेसर जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला छावनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# अपने तीन बच्चों के हत्या के आरोपी को उम्रकैद व 10 हजार जुर्माने की सजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** अतिरिक्त सैशन जज अक्षदीप महाजन की अदालत ने थाना कुंजपुरा क्षेत्र के गांव नलीपार के रहने वाले सुशील पुत्र चरण सिंह द्वारा अपने तीन बच्चों की हत्या के मामले में आरोप तय करते हुए उसे उम्रकैद व 10 हजार रुपए जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में अपराधी को छह महीने अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।
उल्लेखनीय है कि वारदात के संबंध में आरोपी की पत्नी बेबी वासी नलीपार ने 23 नवम्बर 2020 को थाना कुंजपुरा में शिकायत देते हुए बताया था कि आठ वर्ष पहले उसकी शादी नलीपार के रहने वाले व्यक्ति सुशील कुमार पुत्र चरण सिंह के साथ हुई थी। सुशील कुमार गन्ने का जूस बेचने की रेहडी लगाता था और शराब आदि का नशा भी करता था। 23 नवम्बर को आरोपी अपनी पत्नी के साथ लडाई झगड़ा करके अपने सात वर्षीय लडके शिव कुमार, पांच वर्षीय लडकी जहान्वी व ढाई वर्षीय लडके देव को बाजार से जूते दिलवाने के बहाने मोटरसाईकिल पर बिठाकर घर से ले गया। उसके आधे घण्टे बाद आरोपी ने घर आकर बताया कि उसने अपने तीनों बच्चों को नहर में फेंक दिया है और मौका से फरार हो गया। इस संबंध में सूचना प्राप्त होते ही जिला पुलिस ने त्वरित कार्यवाही आरम्भ कर दी।
शिकायत पर थाना कुंजपुरा में भारतीय दंड संहिता की धारा-302 के तहत मामला दर्ज किया गया और बच्चों की तलाश शुरू कर दी गई। मामले में आरोपी सुशील कुमार को वारदात के अगले ही दिन गिरफ्तार कर लिया गया था।

## 'फसल खराबे के मुआवजे के लिए ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन करें किसान'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला उपायुक्त** अनीश यादव ने कहा कि बरसात से तबाह हुई फसलों के मुआवजे के लिए किसान हरियाणा सरकार के ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से किसान सीधे ही बारिश से फसलों को हुए नुकसान की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि जिला में हुई बरसात से जिन किसानों की फसल क्षतिग्रस्त या खराब हुई है, वे किसान ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबे की भरपाई के लिए आवेदन करें। किसान अपनी परिवार पहचान पत्र आईडी, मोबाइल नंबर या किसान आईडी भरकर लॉग इन कर सकता है।

# हरियाणा में सत्ता परिवर्तन होना तय: जसबीर मलौर



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट जसबीर मलौर ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और बढ़ती महंगाई से परेशान हरियाणा की जनता सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। वर्ष 2024 के विधानसभा के आम चुनावों में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनना तय है। पूर्व विधायक आज अपने अम्बाला शहर आवास पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे उन्होने कहा कि हाथ से हाथ जोडो अभियान के तहत सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा 25 मार्च को सांय 4 बजे अम्बाला विधानसभा क्षेत्र के गांव नन्यौला में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोडो यात्रा निकाल कर जनता को भाजपा सरकार की समाज विरोधी नीतियों और देश को बांटने की साजिश से सावधान रहने का संदेश दिया था और इस यात्रा को हरियाणा सहित पूरे देश मे जनता का अभूतपूर्व सहयोग मिला था। यात्रा की सफलता से बौखलाई हुई भाजपा दिन रात राहुल गांधी को कोसने में लगी हुई है।इस यात्रा के बाद देश भर में हाथ से हाथ जोडो अभियान आरम्भ किया गया है जिसके तहत सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर रहे है और प्रदेश जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महँगाई के कारण समाज हर व्यक्ति परेशान है। गरीब लोगों के बी पी एल राशनकार्ड काटे जा रहे है और परिवार पहचान पत्र का बहाना बनाकर बुढ़ापा पेंशन काटी जा रहीं है।

# योग सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं: दिनेश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जनसाधारण को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का मेरा मिशन स्वस्थ भारत का मिशन लगातार जारी है। मिशन के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने बताया कि एक नई योग कक्षा की शुरूआत जेबीबी सोसाइटी सेक्टर-35 में आरंभ की गई है। पहले ही दिन बरसात के बावजूद बहुत से साधक योग कक्षा में पहुंचे और उन्होंने योग यात्रा की शुरूआत उत्साहपूर्वक की।
दिनेश गुलाटी ने उन्हें सूक्ष्म क्रियाओं, आसनों और प्राणायाम का विधिपूर्वक और उनके लाभ बताते हुए अभ्यास करवाया।



उन्होंने बताया कि योग के अंतर्गत योगासनों, प्राणायाम और ध्यान को शामिल किया जाता है। योग सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। विभिन्न आसनों से हड्डियां, मांसपेशियां और शरीर के भीतरी अंग सशक्त होते हैं, वहीं प्राणायाम से शरीर की भीतर की नस नाडियां सुचारू रूप से कार्य करती है।
योग डिप्रेशन और एंग्जाइटी जैसे मनोरोगों के इलाज में सहायक है। यह हृदय को स्वस्थ रखने, रक्त को शुद्ध करने, खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। नियमित रूप से योग करने से पुराने से पुराने बीमारी और दर्द से भी राहत मिलती है। योग हड्डियों और जोड़ो को लचीला बनाए रखता है। योगासन, और प्राणायाम करने से संपूर्ण स्वास्थ्य को फायदा पहुंचता है और मानसिक विकार भी दूर होते हैं।

## कई बीमारियों की जड़ मुंह का बुरा स्वास्थ्य होना: डा. योगेश शर्मा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सिविल** सर्जन डॉ. योगेश शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के आह्वान पर जिला में विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। उन्होंने बताया कि मुंह का स्वास्थ्य अत्यंत जरूरी है, क्योंकि बहुत सी बीमारियों की जड़ मुंह का बुरा स्वास्थ्य होना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में स्थित सभी स्वास्थ्य संस्थाएं इस कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों के मुंह के स्वास्थ्य का जांच करेंगी। वह साथ ही साथ मुंह के स्वास्थ्य को सही रखने में जागरूकता भी फैलाने का कार्य करें।

# विधायक ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के संबंध में मांगी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मुलाना विधायक वरुण चौधरी ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान अतारांकित प्रशन लगाकर मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के संबंध में मुख्यमंत्री जी से जानकारी मांगते हुए पूछा कि राज्य में मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के लाभार्थियों का जिलेवार ब्यौरा व अंत्योदय मेलों पर खर्च की गई राशि के साथ इस योजना के विज्ञापनों पर खर्च की गई राशि कितनी है। विधायक ने प्रशन के माध्यम से उन लाभार्थियों की संख्या भी पूछी जिनकी आय 180000 वार्षिक से ज्यादा हुई है तथा उन लाभार्थियों की संख्या जो मासिक किस्त अदा करने से चूक गए है। विधायक द्वारा पूछे गए प्रशन पर मुख्यमंत्री जी ने जवाब देकर जानकारी में बताया कि इस योजना के राज्य में लगभग 78000 लाभार्थी है।इस योजना के शुरू होने के बाद से 34 लाख 15 हजार 888 रुपए राज्य के भीतर और बाहर विज्ञापन पर खर्च किए गए है।मिशन वर्तमान में उन लाभार्थियों की संख्या का विवरण एकत्रित नहीं कर रहा है जिनकी आय बढ़कर 180000 वार्षिक से अधिक हुई है और ना ही मिशन उन लाभार्थियों की संख्या एकत्रित कर रहा है,जिन्होंने मासिक किस्त का भुगतान करने में चुक की है।
विधायक ने मुख्यमंत्री जी के द्वारा दी गई जानकारी पर मीडिया के माध्यम से बोलते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से सरकार ने एक लाख से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को चुनकर उन्हें ऋण देने की बात की थी।



जिसका लक्ष्य उन परिवारों की आय 1 लाख 80,000 या उससे अधिक करने का था,लेकिन जब सरकार से उन परिवारों की जानकारी मांगी गई जिनकी आय इस योजना के तहत ?180000 या उससे अधिक हुई है। तो सरकार की तरफ से जवाब दिया जाता है कि सरकार ने ऐसी कोई जानकारी संग्रह नहीं की जिससे पता लग सके कि इस योजना के माध्यम से अब तक के कितने परिवारों की आय 1 लाख 80000 या उससे अधिक हुई है। इसी तरह सरकार ने उन लाभार्थियों की संख्या भी संग्रह नही की है जो मासिक किस्त अदा करने से चूके हैं। विधायक ने कहा कि जब सरकार ने इस योजना के तहत एक लाख रुपये वार्षिक से कम आय वाले परिवारों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा है और इस योजना पर बजट भी खर्च किया जा रहा है तो उन परिवारों का डाटा कौन संग्रह करेगा जिन परिवारों की आय 1 लाख 80000 या उससे अधिक हुई है। विधायक ने कहा कि बहुत से मामले सामने आए है कि बड़े-बड़े उद्योगपति अपनी मासिक किस्त अदा करने में चूक जाते हैं और अपने ऋण का भुगतान नहीं कर पाते लेकिन जिन परिवारों की आय की एक लाख रुपए वार्षिक से कम है।

## संपादकीय

# राहुल गांधी के घर दिल्ली पुलिस

**सोशल** मीडिया पर एक वीडियो देखकर बहुत से लोगों को हैरानी हुई। वीडियो में दिल्ली के भीड़भाड़ भरे इलाके में बीच सड़क में एक टैक्सी में दो लड़के एक लड़की को जबरन कार के भीतर धकेल कर बिठाते दिख रहे हैं। उस वक्त सड़क पर पूरी आवाजाही चल रही है, लेकिन फिर भी लड़कों को उस लड़की को जबरन बिठाने का न कोई प्रतिवाद होते दिखा, न पुलिस की कोई सक्रियता नजर आई। यह वीडियो जब वायरल हुआ, उसके बाद पुलिस ने इस पर कार्रवाई शुरू की। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि गाड़ी और ड्राइवर का पता लगा लिया गया है। दो लड़कों और एक लड़की ने रोहिणी से विकासपुरी के लिए टैक्सी ली थी। पुलिस ने कहा है कि लड़की और उसके दोस्तों के बीच किसी बात को लेकर कहा-सुनी हुई, इसके बाद लड़की टैक्सी से उतर कर जा रही थी, तभी दोनों दोस्तों ने उसे जबरदस्ती कार में बैठाने की कोशिश की! लड़की का बयान दर्ज कराये जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक दिल्ली पुलिस लड़की का बयान दर्ज करा पाई या नहीं, यह तो पता नहीं। लेकिन इस घटना से दिल्ली की कानून-व्यवस्था का हाल समझा जा सकता है। हो सकता है दोस्तों में सुलह हो गई हो, हो सकता है लड़की सुरक्षित हो। लेकिन इस घटना से ये तो पता चल ही जाता है कि दिल्ली में सरेआम कोई किसी के साथ बदतमीजी या जबरदस्ती करे तो उसे रोकने के लिए पुलिस फौरन हाजिर नहीं होती है, न ही सड़कों पर करोड़ों रुपए खर्च करके लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का कोई उपयोग नजर आता है। दिल्ली पुलिस सड़क पर तो मुस्तैद नहीं दिखी, लेकिन राहुल गांधी से जानकारी हासिल करने में वह जिस तरह की मुस्तैदी दिखा रही है, उस पर आश्चर्य भी नहीं हो रहा। क्योंकि राहुल गांधी जिस तरह भाजपा के आगे बिना डरे खड़े हुए हैं, उससे तय है कि उन्हें किसी न किसी तरह झुकाने या गलत साबित करने की कोशिश जारी रहेगी। रविवार सुबह दिल्ली पुलिस की एक टीम कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के घर पहुंच गई। क्योंकि उसे उन महिलाओं की जानकारी चाहिए थी, जिनका जिक्र श्री गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान किया था। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने कहा था कि उनसे मिलने कुछ महिलाएं आई थीं, जो यौन प्रताड़ना का शिकार हुई थीं। राहुल गांधी ने उन्हें तभी पुलिस को जानकारी देने और उनकी मदद करने की तत्परता दिखाई थी। लेकिन उन महिलाओं ने मदद लेने से इन्कार करते हुए कहा कि वे केवल अपना दर्द उनसे साझा करने आई थीं। उन्हें अपनी पीड़ा पुलिस को नहीं बतानी है। इस घटना को सुनाकर राहुल गांधी दरअसल जनता को यह बताना चाह रहे थे कि इस देश में महिलाएं किस तरह पीड़ित हो रही हैं। राहुल गांधी ने पांच महीने की 4 हजार किमी की भारत जोड़ो यात्रा में असंख्य महिलाओं से मुलाकात की और उनके सुख-दुख को साझा किया। राहुल गांधी ने बाद के अपने कई भाषणों में बताया कि वे अपने सामने चलने का स्थान खाली रखते थे और भीड़ में से या साथ चलने वाले लोगों में से जो कोई उनके पास आना चाहता, वे उसके लिए पूरी जगह बनाने का इंतजाम रखते थे। वे चाहते थे कि लोग उनके पास आकर यह महसूस करें कि वे अपने घर आए हैं। आश्चर्य की बात ये है कि राहुल गांधी ये यात्रा सड़क पर कर रहे थे, लोग उनसे सड़क पर ही मिल रहे थे, मिलने वालों में अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोग शामिल होते थे।

# अब हमारी आदत ही पानी बचा सकती है

प्रियंका सौरभ

> पानी की आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है, क्योंकि जल स्रोतों के संदूषण और प्रदूषण से स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है और पहल की प्रभावशीलता कम हो सकती है। पहल की सफलता पानी के उपयोग, संरक्षण और स्वच्छता प्रथाओं के संदर्भ में लोगों के व्यवहार को बदलने पर भी निर्भर करती है। कुछ राज्यों में जल संसाधनों के बंटवारे को लेकर अंतर्राज्यीय विवाद हो सकते हैं, जो पहल की प्रगति को बाधित कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन जल संसाधनों की उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है, और इसलिए, पहल की स्थिरता। मिशन पानी के लिए सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित है और इसमें मिशन के प्रमुख घटक के रूप में व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार शामिल है

**जल से जीवन है जुड़ा, बूँद-बूँद में सीख**
**नहीं बचा तो मानिये, मच जाएगी चीख**

**हर** घर, नल से जल योजना 2019 में लॉन्च की गई। जल शक्ति मंत्रालय की इस स्कीम का उद्देश्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण घर में पाइप से पीने का पानी उपलब्ध कराना है और यह सरकार के जल जीवन मिशन का एक घटक है। यह योजना एक अनूठे मॉडल पर आधारित है, जहां ग्रामीणों की पानी समितियां (जल समिति) तय करेंगी कि वे अपने द्वारा उपभोग किए जाने वाले पानी के लिए क्या भुगतान करेंगे। वे जो टैरिफ तय करते हैं वह गांव में सभी के लिए समान नहीं होगा। जिनके घर बड़े हैं उन्हें अधिक भुगतान करना होगा, जबकि गरीब घर या ऐसे परिवार जहां कोई कमाने वाला सदस्य नहीं है, उन्हें छूट दी जाएगी। नीति आयोग की 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 600 मिलियन भारतीय अत्यधिक जल संकट का सामना करते हैं और सुरक्षित पानी तक अपर्याप्त पहुंच के कारण हर साल लगभग दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। 2030 तक, देश की पानी की मांग उपलब्ध आपूर्ति से दोगुनी होने का अनुमान है, जो लाखों लोगों के लिए गंभीर पानी की कमी और देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्त 6% की हानि का संकेत है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि 84% ग्रामीण घरों में पाइप से पानी की सुविधा नहीं है, देश का 70% से अधिक पानी दूषित है। जल जीवन मिशन ने 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की परिकल्पना की है। यह जल शक्ति मंत्रालय के अधीन है। इसे 2019 में लॉन्च किया गया था। यह 2024 तक हर ग्रामीण घर में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार के जल जीवन मिशन का एक घटक है। यह योजना एक अनूठे मॉडल पर आधारित है, जहां ग्रामीणों की पानी समितियां (जल समिति) यह तय करेंगी कि वे अपने द्वारा उपभोग किए जाने वाले पानी के लिए क्या भुगतान करेंगे। .



इस पहल का भारत में ग्रामीण और शहरी समुदायों पर महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक प्रभाव है जैसे बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से लोगों के स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। उचित स्वच्छता और साफ पानी की आपूर्ति के अभाव में जलजनित रोग फैल सकते हैं। नल से जल पहल से सुरक्षित पेयजल तक पहुंच में सुधार होगा, जिससे जलजनित रोगों की घटनाओं में कमी आ सकती है। सुरक्षित पेयजल तक पहुंच के साथ, लोग उत्पादक गतिविधियों पर अधिक समय व्यतीत कर सकते हैं, जैसे कि खेती, जो ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोगों के लिए आजीविका का मुख्य स्रोत है। इससे उत्पादकता और आर्थिक विकास में वृद्धि हो सकती है। इस पहल से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराकर ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार की उम्मीद है, जिससे जलजनित रोगों की घटनाओं में कमी आएगी। पाइप द्वारा जल आपूर्ति तक पहुंच ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं के लिए समय और प्रयास की बचत करेगी, जो परंपरागत रूप से दूर के स्रोतों से पानी एकत्र करने के लिए जिम्मेदार हैं। स्वच्छता तक पहुंच में वृद्धिः इस पहल से स्वच्छता सुविधाओं की पहुंच भी बढ़ेगी, क्योंकि घरेलू शौचालयों के लिए पाइप जलापूर्ति का उपयोग किया जा सकता है। पहल भूजल स्रोतों पर निर्भरता को कम करेगी, जो भूजल संसाधनों के संरक्षण में मदद करेगी और समग्र पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान देगी। नल से जल पहल, जिसका उद्देश्य 2024 तक हर घर में पाइप से पानी की आपूर्ति करना है, कई चुनौतियों का सामना करती है। नल से जल पहल को लागू करने में सबसे बड़ी चुनौती कई क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। पाइप वाली जल आपूर्ति प्रणाली के निर्माण के लिए बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होती है, जिसमें पाइप, पंप और उपचार संयंत्र शामिल हैं। पहल के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण फंडिंग की आवश्यकता होती है, और सरकार को इस पहल के लिए पर्याप्त फंडिंग हासिल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है पहल की सफलता स्थानीय स्तर पर योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक क्षमता पर भी निर्भर करती है।

पानी की आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है, क्योंकि जल स्रोतों के संदूषण और प्रदूषण से स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है और पहल की प्रभावशीलता कम हो सकती है। पहल की सफलता पानी के उपयोग, संरक्षण और स्वच्छता प्रथाओं के संदर्भ में लोगों के व्यवहार को बदलने पर भी निर्भर करती है। कुछ राज्यों में जल संसाधनों के बंटवारे को लेकर अंतर्राज्यीय विवाद हो सकते हैं, जो पहल की प्रगति को बाधित कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन जल संसाधनों की उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है, और इसलिए, पहल की स्थिरता।मिशन पानी के लिए सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित है और इसमें मिशन के प्रमुख घटक के रूप में व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार शामिल है। जेजेएम पानी के लिए एक जन आंदोलन बनाना चाहता है, जिससे यह हर किसी की प्राथमिकता बन जाए। केंद्र और राज्यों के बीच फंड शेयरिंग पैटर्न हिमालयी और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 90:10, अन्य राज्यों के लिए 50:50 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100% है।

आजादी के 70 साल बाद भी, लगभग 50% भारतीय लोग पीने के पानी तक पहुंच नहीं पाते हैं। केंद्र और राज्य स्तर पर अलग-अलग सरकार ने इसके लिए काम किया है, लेकिन वास्तविकता एक ही है कि देश के लोगों, विशेषकर महिलाओं को पीने के पानी के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता है। इसलिए लाल किले से पीएम मोदी ने जल जीवन मिशन की घोषणा की थी। जल जीवन मिशन जल शक्ति मंत्रालय द्वारा राज्यों के साथ साझेदारी में लागू किया जाता है। इसका उद्देश्य 2024 तक देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर निर्धारित गुणवत्ता का पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

केंद्रीय सरकार ने पीएम जल जीवन मिशन के तहत 3.6 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया है। पीएम ने भारत को पूरी तरह से खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने पर भी भरोसा जताया है। यह मिशन सेवा वितरण पर केंद्रित है न कि आधारभूत संरचना निर्माण पर। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न राज्यों, गांवों और स्थानीय निकायों को इसके प्रति एक मजबूत अभियान बनाने का श्रेय दिया है। नल से जल पहल का उद्देश्य 2024 तक ग्रामीण भारत में हर घर में पाइप से पानी की आपूर्ति करना है। इस पहल का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव है, और यह पानी और स्वच्छता तक सार्वभौमिक पहुंच के व्यापक लक्ष्य में योगदान देता है।

## कविता

### बुधिया फिर अनाथ हुई

यकायक बुधिया विचारवान हुई
भ्रूण में ही उसने सोचा
इस काल से आदि काल तक बुधिया तुझे क्या मिला
भृम में रक्ताल्पता रही
पैदा हुई मां चल बसी
गरीबी बेचारी सब ने मिलकर पाला उसे
तार-तार चीथड़ों ने पोसा तुझे,
चंद मटमैली दूध की बूंदों ने,
दी ऊर्जा और जिजीविषा उसे,
संसार में आंख खोलने की शक्ति,
संकट काल में पिता ने भी छोड़ा साथ,
भाग निकला तमाम जिम्मेदारियों से,
बुधिया को छोड़ गया,
घिरी हुई तमाम बीमारियों से,
बुधिया फिर अनाथ हुई,
तोतली बोली के साथ,
शुरू हुआ बाल श्रम का सिलसिला,
पेट और पीठ की दूरी न नाप सका कोई ,
पेट की आग ईमान,धर्म और ईश्वर बनी,
जिंदगी ने एक बार फिर,
नर्क की कोख से जन्म लिया,
रोटी की खातिर रोटी के लिए,
यू सुबह और ऐसे ही सांझ हुई,
बुधिया फिर अनाथ हुई,
शैशव बाल्यकाल और कलम

संजीव ठाकुर

## नव सम्वत पर संस्कृति का सादर वन्दन करें

-डॉ. सौरभ मालवीय

**नवरात्र हवन के झोंके, सुरभित करते जनमन को।**
**है शक्तिपूत भारत, अब कुचलो आतंकी फन को॥**
**नव सम्वत पर संस्कृति का, सादर वन्दन करते हैं।**
**हो अमित ख्याति भारत की, हम अभिनन्दन करते हैं॥**

22 मार्च से विक्रम सम्वत 2080 का प्रारम्भ गया है। विक्रम सम्वत को नव संवत्सर भी कहा जाता है। संवत्सर पांच प्रकार के होते हैं, जिनमें सौर, चन्द्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास सम्मिलित हैं। मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ एवं मीन नामक बारह राशियां सूर्य वर्ष के महीने हैं। सूर्य का वर्ष 365 दिन का होता है। इसका प्रारम्भ सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने से होता है। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहायण, पौष, माघ और फाल्गुन चन्द्र वर्ष के महीने हैं। चन्द्र वर्ष 355 दिन का होता है। इस प्रकार इन दोनों वर्षों में दस दिन का अंतर हो जाता है। चन्द्र माह के बढ़े हुए दिनों को ही अधिमास या मलमास कहा जाता है। नक्षत्र माह 27 दिन का होता है, जिन्हें अश्विन नक्षत्र, भरणी नक्षत्र, कृत्तिका नक्षत्र, रोहिणी नक्षत्र, मृगशिरा नक्षत्र, आर्द्रा नक्षत्र, पुनर्वसु नक्षत्र, पुष्य नक्षत्र, आश्लेषा नक्षत्र, मघा नक्षत्र, पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, हस्त नक्षत्र, चित्रा नक्षत्र, स्वाति नक्षत्र, विशाखा नक्षत्र, अनुराधा नक्षत्र, ज्येष्ठा नक्षत्र, मूल नक्षत्र, पूवार्षाढ़ा नक्षत्र, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, श्रवण नक्षत्र, घनिष्ठा नक्षत्र, शतभिषा नक्षत्र, पूवार्भाद्रपद नक्षत्र, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, रेवती नक्षत्र कहा जाता है। सावन वर्ष में 360 दिन होते हैं। इसका एक महीना 30 दिन का होता है।

भारतीय संस्कृति में विक्रम सम्वत का बहुत महत्त्व है। चैत्र का महीना भारतीय कैलेंडर के हिसाब से वर्ष का प्रथम महीना है। नवीन संवत्सर के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। वैदिक पुराण एवं शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को आदिशक्ति प्रकट हुई थीं। आदिशक्ति के आदेश पर ब्रह्मा ने सृष्टि की प्रारम्भ की थी। इसीलिए इस दिन को अनादिकाल से नववर्ष के रूप में जाना जाता है। मान्यता यह भी है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। इसी दिन सतयुग का प्रारम्भ हुआ था। मान्यता है कि इसी दिन सम्राट विक्रमादित्य ने अपना राज्य स्थापित किया था। श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। नवरात्र भी इसी दिन से प्रारम्भ होते हैं। इसी तिथि को राजा विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त की थी। विजय को चिर स्थायी बनाने के लिए उन्होंने विक्रम सम्वत का शुभारंभ किया था, तभी से विक्रम सम्वत चली आ रही है। इसी दिन से महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने और वर्ष की गणना करके पंचांग की रचना की थी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्त्व भी है।

## विचार

### नौ माताओं के इस महापर्व के साथ हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं

संजीव ठाकुर

**नवरात्रि** का पहला दिन यानी प्रतिपदा तिथि मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित माना जाता है। इस दिन जौ (जवार)बोने तथा कलश स्थापना पूजन के साथ ही देवी का पूजन किया जाना शुभ माना जाता है' यह भी शास्त्रों में लिखा गया है कि प्रथम दिवस में माता की पूजा करते समय आराधक यदि लाल, गुलाबी ,नारंगी और रानी रंग के कपड़े पहन कर पूजा करने से माता का संपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता है' द्वितीय दिवस यानी नवरात्रि के दूसरे दिन अत्यंत दिव्य देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना का विधान है सिद्धि के लिए इस दिन मां की उपासना करते समय सफेद,पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है एवं इस पवित्र दिन में आराधना करने से मनवांछित इच्छाओं की प्राप्ति होती है। तृतीय दिवस में बाघ पर सवार स्वर्ण के समान रंग एवं छटा वाली मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है।इस दिन पीला, लाल, दूधिया या केसरिया रंग कपड़े पहनना शुभ माने जाते हैं एवं इन रंगों के कपड़े पहनकर देवी की आराधना करने से उनका आशीर्वाद एवं कृपा की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में चतुर्थ दिवस में इस भव संसार के ब्रह्मांड की रचना करने वाली दुर्गा मां के चौथे रूप के रूप में देवी कुष्मांडा की आराधना एवं भक्ति की जाति है। इस दिन इस प्रकृति की देवी के स्वरूप की मन से आराधना करना शुभ फल देने वाला है एवं देवी प्रकृति की देवी हैं इनकी उपासना इस दिवस में पीला ,हरा, लाल और भूरे रंग का वस्त्र पहनकर करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है, एवं देवी प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचम दिवस पर पंचमी तिथि को भगवान कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की आराधना एवं श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर छठवें दिन ऋषि कात्यायन की पुत्री कात्यायनी मां की पूजा अर्चना का शास्त्रों में पूजा का विधान माना जाता है। माता कात्यायनी अमोघ फलदाईनी होती हैं भक्तों द्वारा इस दिन लाल, नारंगी, गुलाबी, गेरुआ, मूंगा रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा करने से ऐश्वर्या के साथ वैवाहिक जीवन में शांति सुख समृद्धि प्राप्त होती है।

दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा तथा अर्चना का विधान है, नवरात्रि की पूजा में तंत्र साधना करने वाले लोग इस दिन काले रंग का वस्त्र धारण करके इनकी पूजा अर्चना करते हैं साधकों को इस दिन बैगनी, स्लेटी ,नीला एवं आसमानी रंग का वस्त्र धारण कर मां के इस दिव्य रूप की पूजा अर्चना करनी चाहिए जिससे संपूर्ण ग्रह बाधाएं दूर होती हैं। नवरात्रि के आठवें दिन सर्व सौभाग्य दाइनी देवी महागौरी की उपासना का दिन माना जाता है। यह अत्यंत पवित्र दिन होता है और यह देवी धन, वैभव, सुख, शांति की शक्तिशाली देवी मानी जाती हैं। इनकी पूजा के दौरान साधकों को रातों को केसरिया संतरी गुलाबी या लाल रंग के वस्त्र धारण करके पूजा करनी चाहिए जिससे सुख एवं सौभाग्य की अखंड प्राप्ति होती है। शिवरात्रि मैं माताओं के नौ रूपों में दुर्गा पूजा के नौवें तथा आखरी दिन संपूर्ण विधि विधान, रीति रिवाज और पूर्ण निष्ठा के साथ देवी की आराधना करने वाले साधकों को संपूर्ण सिद्धियां प्राप्त होती हैं और इनकी उपासना के समय हरा धागों को लाल गुलाबी नारंगी रंग के वस्त्र पहनने से समाज में पद प्रतिष्ठा वैभव एवं धन की प्राप्ति होती है।

नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों का पूजन अर्चना एवं निष्ठा से की गई आराधना से इस जगत का कल्याण भी होता है साथ ही इस पवित्र 9 दिनों में असंख्य दीप जलाकर माता को प्रसन्न करने का प्रयास किया जाता है। नवरात्रि में उपवास रखने तथा विधि विधान से अर्चना करने से मनुष्य का जीवन तथा परलोक सफल होना शास्त्रों के अनुसार तय माना जाता है। आप सभी को चैत्र नवरात्रि कथा हिंदू नव वर्ष की अनंत शुभकामनाएं एवं बधाइयां।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### हिंदू राष्ट्र विचारक- डॉ. हेडगेवार

मृत्युंजय दीक्षित

**भारत के** सबसे विशाल, समाजसेवी व राष्ट्रभक्त संगठन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म युगाब्द 4991 की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नागपुर के एक गरीब वेदपाठी परिवार में हुआ था। डॉ. हेडगेवार जी के पिता का नाम श्री बलराम पंत व माता का नाम रेवती बाई था। हेडगेवार जी का बचपन बहुत ही गरीबी में बीता किन्तु गरीबी के उस वातावरण में भी व्यायाम, कुश्ती, लाठी चलाना आदि में उनकी रुचि रही। बचपन में विभिन्न भवनों पर फहराते हुए यूनियन जैक को देखकर वे सोचते थे कि हमारे भारत वर्ष का हिन्दुओं का झंडा तो भगवा ही है क्योंकि भगवान राम और कृष्ण, शिवाजी, महाराणा प्रताप सभी की जीवन लीलाएं इसी झंडे की छत्रछाया में संपन्न हुई हैं और यहीं से उनके हृदय में यूनियन जैक को उतार फेंकने की योजना तैयार होने लगी।

केशव की प्रारम्भिक शिक्षा अंग्रेजी विद्यालय नीलसिटी में हुई जहां उन्होंने महारानी विक्टोरिया के 60वें जन्म दिन पर बांटी गयी मिठाई को कूड़ेदान में फेंक दिया था। सन 1901 में इंग्लैंड के राजा एडवर्ड सप्तम के राज्यारोहण के समय लोगों द्वारा खुशी मनाये जाने पर बहुत दुःखी हुए। 1902 में प्लेग की महामारी के कारण उनके माता- पिता का देहावसान हो गया।हेडगेवार जी के बड़े भाई क्रोधी स्वभाव के थे जिसके कारण उन्होंने घर छोड़ दिया और अपने मित्रों के साथ रहने लगे। उन्होंने लोकमान्य तिलक के पत्र के लिए धन एकत्र करने का काम प्रारंभ किया और स्वदेशी वस्तुओं की दुकान खोलने में भी सहायता की।19 सितम्बर 1905 को अंग्रेज सरकार ने बंगाल को विभाजित कर दिया जिसका पूरे देश में व्यापक विरोध हुआ। पूरा भारत वंदे मातरम के नारे से गूंज उठा था। केशव ने नागपुर के किले से अंग्रेजों के झंडे उतारकर भगवा झंडा लगाने का प्रयास किया। विद्यालय में निरीक्षक के आने पर छात्रों ने वंदे मातरम के नारे लगाये। कुछ ही दिनों में केशव नागपुर में तिलक के नाम से प्रसिद्ध हो गये।केशव ने 1906 में दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। वह अपनी पढ़ाई के लिए टयूशन और एक विद्यालय में नौकरी करने लगे।

1908 में अंग्रेज सरकार ने केशव के पीछे गुप्तचर लगा दिये। बड़े क्रांतिकरियो के साथ सम्पर्क में आने के लिए वह 1910 में कलकत्ता आ गये।विद्यालय के पश्चात वह अन्य विद्यार्थियों से सम्पर्क करते थे।सन 1910 मे कलकत्ता में हुए दंगे के दौरान उन्होंने एक सुश्रूवा दल बनाया था।

### सरकारी बस अड्डा

डॉ. सुरेश कुमार

**जब** आएगी तब आएगी। आप वहाँ नए बने विश्राम गृह में जाकर बैठिए। थोड़ा राज्य सरकार का विकास कार्य भी तो देखिए। बस यूँ ही बस में बैठे फुर्र हो जायेंगे तो राज्य के विकास के बारे में कैसे पता चलेगा? अरे भैया! आप भी कमाल करते हैं। हमें बस की पड़ी है और आप हमें जबरन विश्राम गृह दिखाने पर तुले हैं। हमें सीधे-सीधे बस के समय की जानकारी क्यों नहीं दे देते? बस काउंटर वाला मन ही मन बड़बड़ाने लगा ह्लअगर मैं तुम्हें यह बता दूँ कि बस दो घंटे लेट है तो तुम मुझे इतना गरियाओगे कि हमारी हालत खराब हो जाएगी।। दो मिनट झेंपने के बाद काउंटर वाले ने जैसे-तैसे मुझे विश्राम गृह में बैठने के लिए मना लिया। झक मारकर मैं विश्राम गृह में जाकर बैठ गया। अभी मैं बैठा ही था कि एक बंदा वहाँ आया और कहने लगा भैया! दो दिन से भूखा हूँ। गाँव जाने के लिए भी पैसे नहीं है। इस गरीब की कुछ सहायता कर दो। भगवान आपको बरकत देगा।मुझे उस बंदे से अधिक विश्राम गृह पर गुस्सा आ रहा था। खाक विकास हुआ है। दो-चार टाइल लगाकर एक-दो रिचार्ज प्वाइंट लगाने को विकास कहते हैं? बस अड्डे में कुछ भी बदलाव नहीं आया। पहले भी भिखमंगे भीख माँगने आते थे और आज भी आते हैं। यदि इसी को विकास कहते हैं तो ऐसा विकास सरकार को ही मुबारक। मैंने जैसे-तैसे उस बंदे को वहाँ से भगाया। घुम-फिरकर वह बंदा फिर से मेरे पास आया। इस बार मैंने उसे इतनी जोर से झिड़की दी कि वह अगली बार आने से पहले दो-चार बार अवश्य सोचेगा। बस अड्डे पर बस की प्रतीक्षा करने के बहाने लोग क्या-क्या सीख जाते हैं। संयमता, तपस्या करना, खीझ नियंत्रित करना, गुस्से का पारा अधिक होने पर झिडकी देना आदि-आदि। बस अड्डा न हुआ बहु उदेशीय प्रशिक्षण केंद्र हो गया। बैठे-बैठे प्यास लगने लगी। अड्डे से पानी की बोतल खरीदने लगा तो दुकानदार ने किनली के बदले सिनली की बोतल थमा दी। ऊपर से तय कीमत से पाँच रुपए अधिक वसूल रहा था। पूछने पर गुटके की पीक मेरे बगल से दूर थूकते हुए मेरी ओर ताकते हुए कहा देखिए साहब ज्यादा तीन-पाँच मत कीजिए। यहाँ का कानून ऐसा ही है।

# जैन ने फसलों की गिरदावरी तुरंत करवाने की मांग की





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, बेमौसमी** बरसात के कारण शहर में ड्रेन न0. 6 के साथ स्थित गोकुल धाम सोसाइटी के पास गिरे मकानों तथा गांवों में खेतों में खड़ी गेहूँ व सरसों की फसल में हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने सरकार से मुआवजा देने व फसलों की गिरदावरी तुरंत करवाने की मांग की है। गोकुल धाम सोसाइटी पहुंचे राजीव जैन को पीड़ितों ने बताया कि ड्रेन का निर्माण कर ठेकेदार ने जे0सी0बी0 से पानी का फ्लो एक दम खोल दिया जिससे पानी का तेज बहाव मकानों की तरफ हो गया और पांच मकानों का अगला हिस्सा गिर गया। उन्होंने बताया कि मकानों के बचे हिस्से में भी दरारें आ गई हैं और उनके भी गिरने का खतरा है। मकान मालिकों ने बताया कि हमने ठेकेदार के सुपरवाईजरों से गुहार की कि पहले हमारे मकानों की तरफ मिट्टी लगा दें फिर पानी खोलना परन्तु ठेकेदार ने एक नहीं सुनी और हमारे मकानों का नुकसान हो गया।

राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि ठेकेदार के खिलाफ कारवाई कर मुआवजा दिलवाया जाएगा। संतोष पत्नी भगत सिंह, संदीप कुमार, माया देवी, बिजेन्द्र सिंह के मकानों में नुकसान हुआ है और मकान गिरने के डर से दो मकान मालिक तो ताला बंद कर-के सामान निकालकर चले गए हैं। फसलों का नुकसान का जायजा लेने के लिए राजीव जैन ने लहराड़ा, रोहट, झरोट, हरसाना एवं बैंयापुर का दौरा किया। खेतों में खड़ी फसल जमीन पर बिछ गई है और काफी ज्यादा नुकसान हुआ है।

किसानों ने तुरंत गिरदावरी करवाकर मुआवजा देने, खेतों में खड़े पानी को निकलवाने तथा बुआई पर जमीन लेने वालों ने मुआवजा जमीन मालिकों को न देकर हमें दिया जाए क्योंकि नुकसान हमारा हुआ है।

इस अवसर पर दिलबाग, महेन्द्र सिंह, चरण सिंह, रतिराम, राजेन्द्र, रणधीर, बंसी, वेद प्रकाश, रोहताश, प्रकाश, सतेन्द्र आदि सैंकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक आपदा के सामने के सामने लाचार एवं घुटने टेकता किसान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विगत तीन दिनों से** चल रही बेमौसमी बारिश और ओला वृष्टि ने किसानों को शून्य पर लाकर खड़ा कर दिया है किसान व उसका परिवार लाचार है लागत मूल्य की आशा को भी खो चुका है इस भारी नुकसान की भरपाई के लिए के लिए मानव अधिकार संरक्षण संघ की टीम सरकार से उचित मुआवजे के मांग करती है यह मुआवजा किसान के लिए ऑक्सीजन का काम करेगा। सरकार ने इस ओर प्रमुखता से ध्यान दे चाहिए ताकि कोई भी किसान आत्महत्या जैसा कदम न उठाएं।, इस विषय मे आज संघ की एक टीम ने गाँव बैयांपुर का दौरा किया इस मौके किसान विरेंद्र सरोहा बैन्यापुर ने बताया कि 09 एकड़ फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है।इससे पूरा परिवार सदमे में है।इस मौके पर मानव अधिकार संरक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत , चेयरमैन संजय सिंगला, संजय वर्मा, प्रवीण वर्मा लैब, उत्तम कुमार , जगवीर अंतिल, रामनिवास सिंगला, प्रवीण गोयल मंडी इत्यादि लोग ने किसानों को सांत्वना दी और उनकी आवाज को पुरजोर उठाने का आश्वासन दिया। चेयरमैन संजय सिंगला ने कहा कि कौन कहता है कि मेहनत कभी बेकार नही जाती आज के दिन यह हमारे किसान पर बिल्कुल विपरीत बैठता है क्योंकि उसकी मेहनत मे कोई कमी नही थी, अध्यक्ष जयबीर गहलावत ने सरकार से अविलम्ब मुवावजा देने की अपील की।

### 8 भारी नुकसान की भरपाई के लिए के लिए मानव अधिकार संरक्षण संघ की टीम सरकार से उचित मुआवजे के मांग करती है

## न्यूज फ्लैश

## उपमुख्यमंत्री ने उपायुक्त को दिए स्पेशल गिरदावरी के आदेश: सिकंदर



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
प्राकृतिक आपदा बारिश व ओलावृष्टि से जिले में फसलों को काफी नुकसान हुआ है। ऐसी विकट परिस्थिति में गठबंधन सरकार किसानों के साथ खड़ी है। बे-मौसम बारिश व ओलावृष्टि ने खराब हुई फसलों की स्पेशल गिरदावरी करवाई जाएगी। जिसकी घोषणा उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने की है। उक्त जानकारी जेजेपी जिला प्रवक्ता सिकन्दर गहली ने देते कहा कि उपमुख्यमंत्री ने किसानों से आह्वान किया है कि वे क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल का ब्यौरा जरूर दर्ज करवाए, ताकि स्पेशल गिरदावरी करवाकर किसानों को सरकार की ओर से मुआवजा दिया जाए सकें। उन्होंने कहा कि रविवार व सोमवार को जिले में दो दिन तक भारी बारिश व ओलावृष्टि ने फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसानों से मिली जानकारी के अनुसार नांगल चौधरी, अटेली, कनीना, महेंद्रगढ़, सतनाली, सीहमा, निजामपुर एरिया के कई गांवों में बरसात तथा ओलावृष्टि की सूचना मिली है। जिससे सरसों व गेहूं की फसलों में नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने उपायुक्त को स्पेशल गिरदावरी के आदेश जारी किए है। जिसकी रिपोर्ट बनाकर भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री ने इस बारे में कहा है कि अगले दो-तीन दिन में फसलों में हुए नुकसान का सही आंकलन सामने आ पाएगा। जेजेपी प्रवक्ता सिकन्दर गहली ने किसानों से आग्रह किया है कि जिन किसानों ने फसलों को बीमा नहीं करवाया हूआ है। उनको चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ऐसे किसानों को सरकार की ओर से स्पेशल गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा दिया जाएगा। जिसके लिए किसानों को क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसलों को ब्यौरा दर्ज करें। इस पोर्टल पर दर्ज किए गए ब्यौरा का मौके पर जाकर अधिकारी निरीक्षण करके उसकी रिपोर्ट बनाकर सरकार के पास भेजेंगे जिसके आधार पर सरकार की ओर से उचित मुआवजा किसानों को दिया जाएगा।

## पानीपत में टूटे हुए सनौली रोड पर भरे पानी के विरोध में सर्व समाज एकता मंच ने किया प्रदर्शन



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया** पानीपत में सनौली रोड पर गांव उग्राखेड़ी के पास टूटी हुई सडक पर भरे पानी के विरोध में मंगलवार दोपहर को सर्व समाज एकता मंच और स्थानीय दुकानदारों ने रोष प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन का नेतृत्व सर्व समाज एकता मंच के अध्यक्ष एवं समाजसेवी राम रतन शर्मा और सनौली रोड दुकानदार एसोसिएशन के प्रधान विजय जैन ने किया। वहीं सर्व समाज एकता मंच एवं स्थानीय दुकानदारों ने सरकार व जिला प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि एक माह में इस बदहाल सडक का समाधान नहीं किया तो विरोध स्वरूप स्थानीय सांसद, विधायकों व जिला प्रशासन के पुतलें बनाकर उनको रथ पर बैठाकर बैंड बाजे के साथ बारात निकाली जाएगी। बारात में आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीण व कालोनियों के लोग भाग लेंगे। राम रतन शर्मा ने कहा कि पानीपत का सनौली रोड गांव उग्राखेड़ी के पास कई सालों से टूटा हुआ है और कई बार धरना प्रदर्शन किये गये तो इसकी थोड़ी बहुत मरम्मत करके पल्ला झाड़ लिया जाता है लेकिन आज तक भी इसका कोई स्थाई समाधान नहीं किया गया। जबकि इस सडक से रोजाना कई दर्जन गांवों व कालोनियों के हजारों लोग गुजरते है और उनको यहां पर गड्ढों में भरे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। सडक पर भरे पानी व गड्ढों के चलते रोजाना वाहन चालक विशेषकर बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे है। उन्होने कहा कि कहने को तो यह सडक अभी तक एनएचएआई के अंतगर्त है पर रिपेयर करने वालो कोई नहीं है। वहीं सनौली रोड दुकानदार एसोसिएशन के प्रधान विजय जैन ने कहा कि इस रोड पर गांव उग्राखेड़ी के पास 100 से भी ज्यादा मारबल व टाईलों की दुकान एवं शोरूम है जबकि करीब 100 दुसरी किरयाणा, मिठाई, लोहा व चाय आदि की दुकानें है। इस सडक के टूटा होने से दुकानदारों की दुकानदारी आधे से भी कम रही गई है।

# 'सरकार बारिश के कारण खराब हुई गेहूं फसल की तुरंत करवाए स्पेशल गिरदावरी'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**बा**रिश के कारण हुई गेंहू की फसल के नुकसान को लेकर पूर्व विधायक पदम दहिया ने मंगलवार को अनेक गांवों का दौरा और किसानों को आश्वासन दिया कि वे इस दुख की घड़ी में किसानों के साथ है। उन्होंने हरियाणा सरकार ने आग्रह किया कि बारिश के कारण खराब हुई गेहूं फसल की तुरंत स्पेशल गिरदावरी करवाई जाए।
पूर्व विधायक ने कहा कि इस बार गेंहू की फसल के लिए पूरा सीजन अच्छा मौसम रहा, जिससे इस सीजन में गेंहू की फसल का उत्पादन अच्छा रहने की संभावना थी, लेकिन हमारे अन्नदाता पर प्रकृति का ऐसा पहाड़ टूटा की उसके सारे सपने बिखर गए। उन्होंने कहा कि किसान अपने खून पसीने की मेहनत से इस मंहगाई के दौर में अपनी फसलों को तैयार करता है। इसलिए हरियाणा सरकार बारिश के रूप में आई इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए खराब हुई फसल की स्पेशल गिरदावरी कर किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपए मुआवजा राशि देने का कार्य करें ताकि किसान अपने परिवार को पालन-पोषण कर सके।

## जनता की मांग पर वार्ड 15 से पार्षद का चुनाव लड़ेंगे: विनीत वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
समाज सेवी विनीत वत्स ने कहा कि जनता की मांग पर वार्ड 15 से वह आगमी पार्षद का चुनाव लड़ेंगे` आगे वत्स ने कहा की वार्ड 15 से एक ही व्यक्ति एक ही पार्टी का पार्षद बनता आ रहा है` अगर उन्हें मोका मिलता है तो वह एक मजबुत नेता के तोर एक विकल्प के रूप में वार्ड 15 की जनता की सेवा करेंगे। आगे वत्स ने कहा की वार्ड 15 की जनता के आशीर्वाद स्नेह और समर्थन से वार्ड 15 का पूरा विकास करवाएंगे` वत्स ने कहा कि अबकी बार वार्ड 15 की जनता बदलाव चाहती है` और जनता ने अपना मूड बना लिया है आने वाले समय में वार्ड 15 में परिवर्तन देखने को मिलेगा और वत्स ने कहा कि पूरी ताकत के साथ वार्ड 15 से लड़ेंगे और जीतेंगे साथ ही वत्स ने वार्ड 15 की जनता से समर्थन और आशीर्वाद मांगा।

## 'आस से नागरिकों को मिला ऑटो अपील का अधिकार'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रंखला में हरियाणा सरकार द्वारा निरंतर सुशासन की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाया जा रहा है। हरियाणा सरकार द्वारा नागरिकों की सुविधा व उनके अधिकारों को ध्यान में रखते हुए ऑटो अपील सिस्टम सॉफ्टवेयर (आस) शुरू किया है। उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि सरकार द्वारा शुरू किए गए आस पोर्टल से अगर किसी व्यक्ति का कार्य राइट टू सर्विस एक्ट के तहत निर्धारित समय सीमा में नहीं होने पर ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के तहत आवेदन अपीलेट अथॉरिटी में चला जाएगा। अपीलेट अथॉरिटी के दायरे में भी काम नहीं होने पर आवेदन आगे वरिष्ठ अधिकारी के पास चला जाएगा। अगर इन दोनों स्तरों पर भी कार्य का निपटान नहीं होगा तो आवेदन स्वतं ही राइट टू सर्विस कमीशन के पास आ जाएगा। यह कदम सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक कार्यशैली को जवाबदेह, पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी बनाने के मद्देनजर उठाया है। उपायुक्त सिवाच ने बताया कि आमजन से सीधे जुड़े लगभग 31 सरकारी विभागों की 546 सेवाएं सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में नोटिफाई की हुई हैं। इनमें से 277 सेवाएं ऑनलाइन सरल पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

## 'सीवरेज सफाई कार्य के दौरान किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके आश्रितों को दिलवाएं आर्थिक मदद'




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय** सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने मंगलवार को विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से सीवरेज सफाई कार्य करते समय किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर दी जाने वाली आर्थिक सहायता के संदर्भ में हरियाणा व बिहार के जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार सीवरेज की सफाई करते समय अगर किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है तो उस व्यक्ति के परिजनों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। विडियों कांफ्रेंस में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष को जानकारी दी की जिला में दो व्यक्तियों के परिजनों के खाते में लगभग 09 लाख 15 हजार की राशि आर्थिक तौर पर भेज दी और बाकी बची 85 हजार की राशि को भी एक सप्ताह के अंदर पीड़ित परिवारों को दिलवाई जाएगी। इसके अलावा उन्होंने जिला में अन्य तीन मामलों के बारे में जानकारी दी कि इन तीन मामलों में जहां सीवरेज सफाई के दौरान लोगों की मौत हुई थी।

## महिलाओं की खेल प्रतियोगिता 23 को आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**हरियाणा** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से जारी दिशा निदेर्शानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में 23 मार्च को सुबह 9 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में महिला एथलेटिक्स व जूडो खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी मदन पाल ने बताया कि आगामी 23 मार्च को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में विभिन्न आयु वर्गों में महिला एथलेटिक्स व जूडो खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सरकारी महिला कर्मचारी भी भाग ले सकती हैं।

# पुरानी पेंशन लागू करवाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नॉर्दन** रेलवे मेंस यूनियन की तरफ से सोनीपत जिले के उपायुक्त को पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने के लिए ज्ञापन दिया गया। इसमे सैकड़ों की संख्या में रेलवे कर्मचारी शामिल हुए।सभा को संबोधित को नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन के सहायक शाखा सचिव अनिल सोनीपत, नीरज ब्रांच यूथ कंवीनर, संदीप, दीपक, मनोज कुमार, सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने संबोधित किया। उपरोक्त नेताओं ने केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार द्वारा रेलवे विभाग के निजीकरण के खिलाफ संघर्ष का ऐलान करते हुए कहा कि केंद्र सरकार लगातार देश के सबसे बड़े रोजगार के केंद्र रेलवे विभाग को निजी करण करके बर्बाद कर रही है। रेलवे की संपत्ति को कौड़ियों के भाव पूंजीपतियों के हाथों नीलाम किया जा रहा है, रेलवे में पक्की भर्ती करने की बजाय ठेकेदारी प्रथा के तहत काम करवाया जाता है। प्रदर्शनकारियों को एडवोकेट श्रद्धानंद सोलंकी, एडवोकेट ब्रहम सिंह दहिया, कर्मचारी नेता सिलक राम मलिक, सीटू जिला प्रधान अनीता, आनन्द शर्मा, कर्मचारी नेता आनंद हुड्डा, नगर पालिका कर्मचारी यूनियन इकाई प्रधान भारत कंडेरा, ठेका सफाई कर्मचारियों के नेता अजय टॉक, मुकेश, बलजीत आदि ने संबोधित किया और रेलवे कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन किया।

उन्होंने 5 अप्रैल को दिल्ली में किसान मजदूर संघर्ष दिल्ली में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

## ड्रेन के पास घरों में हुए नुकसान की भरपाई करे सरकार: ललित



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**युवा** कांग्रेस जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने ड्रेन नम्बर-6 नजदीक गोकुलधाम सोसाइटी पर पहुंचकर घरों में हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन व सरकार से मांग की है कि घरों में दरारे व अन्य जो नुकसान हुआ है, उसकी सरकार भरपाई करें, ताकि पुनः आमजन अपने घर की मरम्मत करवा सकें।
जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने कहा कि विधायक सुरेंद्र पंवार ने हमेशा ही ड्रेन नम्बर-6 के कार्य को बड़े ही व्यवस्थित तरीके से करवाने पर जोर दिया है, इसके लिए उन्होंने कई बार निगम अधिकारियों व एजेंसी के साथ मौके का भी निरीक्षण किया है, ताकि किसी भी शहरवासी को कोई दिक्कत न आए। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले जिस तरह गोकुलधाम सोसाइटी के पास मकानों में दरार आई है व मकानों का कुछ हिस्सा गिर गया है, वह बड़ा ही दुखदायी है। एक व्यक्ति बड़ी मेहनत करके मकान बनाता है, लेकिन यदि वह पल में गिर जाए तो उस पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है। उन्होंने प्रशासन, एजेंसी व सरकार से मांग की है कि घरों में हुए नुकसान की भरपाई की जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह विधायक सुरेंद्र पंवार से भी बात करेंगे ताकि लोगों को भरपूर सहायता मिल सकें।

# विधायक पंवार ने श्रद्धालुओं से रेलवे स्टेशन पर की मुलाकात

## प्रत्येक श्रद्धालु को सिरोपा भेंट कर मंगलमय यात्रा की कामना



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
विधायक सुरेंद्र पंवार ने गुरूद्वारा श्री करतारपुर साहिब जाने वाले श्रद्धालुओं से रेलवे स्टेशन सोनीपत पर मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने प्रत्येक श्रद्धालु को सिरोपा भेंट किया। इसके बाद उन्होंने नई दिल्ली से चलकर सोनीपत रेलवे स्टेशन पर सुबह करीब सात बजे रूककर जाने वाली शान-ए पंजाब एक्सप्रैस ट्रेन में श्रद्धालुओं को बैठाकर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि गुरूद्वारा श्री करतारपुर साहिब, इसे मूलरूप से गुरूद्वारा दरबार साहिब के नाम से जाना जाता है। यहां पर गुरू नानक देव ने अपने जीवन के अंतिम वर्ष बिताए। यहां पर गुरू नानक जी ने 15 साल से अधिक तक अपना जीवन व्यतीत किया। इसी स्थान पर गुरू नानक देव जी ने अपना देह त्याग दिया, जिसके बाद गुरूद्वारा दरबार साहिब बनवाया गया। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव जी का दर्शन मानवतावादी दर्शन था। उनका चिंतन धर्म एवं नैतिकता के सत्य, शाश्वत, मूल्यों का मूल था। इसलिए उन्होंने सम्पूर्ण संसार के प्राणियों में एकात्मकता का दिव्य संदेश देते हुए अमृतमयी ईश्वरीय उपदेशों से विभिन्न अध्यात्मिक दृष्टिकोणों के बीच सर्जनात्मक समन्वय उत्पन्न किया। ऐसे महान गुरू को कोटि-कोटि नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि सोनीपतवासियों के लिए बड़े ही हर्ष का समय है कि सोनीपत से इतनी बड़ी तादाद में श्रद्धालु गुरूद्वारा साहिब में गए है। उन्होंने गुरू नानक जी से प्राथार्ना की है कि सभी श्रद्धालुओं की यात्रा सुखद व मंगलमय रहे।

## ओलावृष्टि से नष्ट हुई वन विभाग की नर्सरी



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**नांगल** चौधरी संभाग के गांव भुंगारका में वन विभाग द्वारा रोपित की गई नन्हें पौधों की नर्सरी ओलावर्ष्टी की भेंट चढ़ गई । अनुमान के मुताबिक लगभग एक लाख पौध वन कर्मियों की निगरानी में तैयार की जा रही थी। अभी नन्हें पौधे एक से डेढ़ इंच ही उभरे थे कि इंद्रदेव के कोप का भाजन बन बैठे। रेंज अधिकारी जयभगवान ने बताया कि तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि के कारण सभी पौध पानी पानी हो गई और विभागीय कर्मचारी बेबस हो नन्हें पौधों की तबाही का मंजर देखने पर विवश थे। वनकर्मियों का कहना है कि इलाके की हरियाली को बरकरार रखने के उद्देश्य से रोपित की गई इस नर्सरी से तैयार होने वाले पौधों का रोपण किया जाना था , लेकिन अब विभाग को नए सिरे से तमाम इंतजामात करने होंगे।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**मो. नं. : 9896772006**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**मो. नं. : 9466035040**

# 'केंद्र सरकार में अनपढ़ों की जमात बैठी है...'

## बजट रोकने के मुद्दे पर भड़के सीएम अरविंद केजरीवाल, गृह मंत्रालय ने दिल्ली के बजट को मंजूरी दी

**केंद्र पर आरोप**

**= केंद्र ने नीचे से ऊपर तक अनपढ़ों की जमात बैठा रखी है। दिल्ली का बजट अब विधानसभा में आज पेश किया जाएगा**





**टीम एक्शन इंडिया/दीपचंद्र काण्डपाल**

**गृह** मंत्रालय ने मंगलवार को दिल्ली सरकार के बजट को मंजूरी दे दी। सोमवार को सीएम अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर दिल्ली का बजट रोकने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार से विज्ञापन समेत तीन मुद्दों पर जवाब मांगा था। इस पर दिल्ली सरकार ने रिप्लाई नहीं किया था। इसलिए बजट अप्रूव नहीं हो सका था। इधर, केंद्र से मंजूरी मिलते ही अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में चर्चा के दौरान केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- बजट पर केंद्र की आपत्ति असंवैधानिक और निराधार हैं। देश के 75 साल के इतिहास में किसी भी सरकार का बजट नहीं रोका गया। इसके बाद केजरीवाल ने गृह मंत्रालय की आपत्तियों को लेकर कहा- बजट में बुनियादी ढांचे के लिए 20 हजार करोड़ आवंटित किए गए थे, विज्ञापन के लिए 500 करोड़। हमने कभी नहीं सुना कि 500 करोड़ 20 हजार करोड़ से अधिक है। केंद्र सरकार ने नीचे से ऊपर तक अनपढ़ों की जमात बैठा रखी है। दिल्ली का बजट अब विधानसभा में बुधवार को पेश किया जाएगा।

**दिल्ली के सीएम ने कहा था- ऐसा 75 साल में नहीं हुआः** सीएम केजरीवाल ने इस मसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दिल्ली के लोगों से आप क्यों नाराज हैं। कृपया बजट मत रोकिए। केजरीवाल ने कहा कि देश के 75 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब दिल्ली में बजट पेश होने से एक दिन पहले केंद्र ने इस पर रोक लगा दी है। ये सीधे तौर पर केंद्र सरकार की गुंडागर्दी है। वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में बताया कि बजट की फाइल को अप्रूवल के लिए दोबारा गृह मंत्रालय भेज दिया गया है। उन्होंने बजट रोके जाने पर अफसोस जताते हुए कहा कि जनता का चुना हुआ मुख्यमंत्री और कैबिनेट होने का क्या फायदा, जब एक बजट तक पास न कर पाएं।

**एलजी ऑफिस ने कहा- सरकार ने नोट्स के जवाब ही नहीं दिए:** केजरीवाल के बयान पर दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर (एलजी) ऑफिस ने स्टेटमेंट जारी किया। जिसमें बताया गया कि एलजी वीके सक्सेना ने बजट पास कर कुछ नोट्स जोड़कर उसे 9 मार्च को दिल्ली सरकार के पास भेज दिया था। दिल्ली सरकार ने फिर इसे राष्ट्रपति से अप्रूव कराने के लिए गृह मंत्रालय को भेजा।

**पहला-** राजधानी जैसे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के लिए बजट का 20% हिस्सा क्यों रखा

**दूसरा-** दिल्ली सरकार विज्ञापन का बजट दोगुना क्यों कर रही है

**तीसरा-** आयुष्मान भारत जैसी केंद्रीय योजनाओं का लाभ दिल्ली की गरीब जनता को क्यों नहीं दिया जा रहा

### वित्त मंत्री गहलोत ने आरोपों को निराधार बताया

**दिल्ली** के वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने आरोपों को निराधार और गलत बताया. उन्होंने कहा कि दिल्ली का बजट 78,800 करोड़, इनमें से 22,000 करोड़ रुपए बुनियादी ढांचे पर खर्च के लिए और सिर्फ 550 करोड़ रुपए विज्ञापनों पर खर्च के लिए हैं। उन्होंने कहा- विज्ञापन पर खर्च पिछले साल के बजट के बराबर ही है।

**गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए 10 मार्च को भेजा बजट:** इधर, मंगलवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के वित्त मंत्री ने ऑन रिकॉर्ड बताया है कि हमने बजट तैयार कर के 10 मार्च को ही केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास मंजूरी के लिए भेज दिया। केंद्र सरकार ने उस पर कुछ सवाल लगाकर 17 मार्च को बजट दोबारा भेजा, लेकिन ये मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री को नहीं बल्कि मुख्य सचिव नरेश कुमार को भेजा गया। मुख्य सचिव के ऊपर आरोप लग रहे हैं कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार के काम को रोकने के लिए वो हर प्रयास कर रहे हैं।

सौरभ भारद्वाज ने ये भी दावा किया कि सोमवार को जब दिल्ली सरकार के बजट को रोकने की खबरें चलीं तो शाम 6 बजे दिल्ली के मुख्य सचिव ने वित्त मंत्री को बताया कि बजट पर केंद्र सरकार की ओर से रुकावटें आ गई हैं। उन्होंने सवाल किया कि मुख्य सचिव इतना बड़ा षड्यंत्र किसके कहने पर कर रहे हैं। भारद्वाज ने पूछा कि केंद्र सरकार इस पर चुप क्यों है, एलजी क्यों चुप हैं। इसलिए क्योंकि ये षड्यंत्र केंद्र सरकार के इशारे पर हो रहा है।

### चीफ सेक्रेटरी और फाइनेंस सेक्रेटरी ने बजट लेट कराया: वित्त मंत्री

**एलजी** ऑफिस से स्टेटमेंट जारी होने के बाद फाइनेंस मिनिस्टर कैलाश गहलोत ने देर शाम बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने बजट को लेकर अपनी कुछ चिंता जाहिर की थी और 17 मार्च को चीफ सेक्रेटरी को एक लेटर भेजकर बजट को अप्रूव करने से इनकार कर दिया था। कैलाश गहलोत ने अपने बयान में कहा कि अस्पष्ट कारणों के चलते दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी ने 3 दिन तक इस लेटर को अपने पास छिपाकर रखा। मुझे इस लेटर के बारे में सोमवार दोपहर 2 बजे पता चला है। मुझे शाम 6 बजे यह फाइल मिली है और हमने रात 9 बजे तक गृह मंत्रालय की सारी चिंताओं को लेकर अपना जवाब एलजी ऑफिस को भेज दिया था। दिल्ली के बजट को लेट कराने में दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी और फाइनेंस सेक्रेटरी की भूमिका की जांच की जानी चाहिए। इस पर एलजी ऑफिस ने जवाब दिया कि हमें रात 9:25 बजे फाइल मिली और एलजी के अप्रूवल के बाद इसे 10.05 बजे मुख्यमंत्री कार्यालय भेज दिया गया था।

# भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता विधानसभा से एक साल के लिए निलंबित

**आदेश**

**= वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को सदन से एक साल के लिए निलंबित कर दिया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा में मंगलवार का दिन भी हंगामेदार रहा। यहां भाजपा विधायकों ने कुछ चर्चा की मांग की जिसे लेकर विस अध्यक्ष ने पहले वित्त मंत्री के भाषण पूरा हो जाने की बात कही। इस पर भाजपा विधायक नहीं माने तो उन्हें मार्शल से बाहर करा दिया गया। वहीं आज विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को सदन से एक साल के लिए निलंबित कर दिया। विधानसभा की कार्रवाई शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने बजट पेश करने की स्वीकृति नहीं होने का मुद्दा उठाते हुए इस पर चर्चा कराने की मांग की। इस संबंध में भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र के तहत चर्चा कराने की भी मांग की। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी सुनवाई नहीं की और उन्होंने पहले वित्त मंत्री का भाषण होने की बात की, उसके बाद उनके पत्र पर निर्देश देने का आश्वासन दिया। लेकिन भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता अपनी बात पर अड़े रहे। उनके सीट पर नहीं बैठने के कारण विधानसभा अध्यक्ष ने उनको मार्शल आउट करा दिया। यह देख भाजपा के ओम प्रकाश शर्मा आदि सदस्य भी आरोप लगाने लगे कि दिल्ली सरकार बजट पेश नहीं करने देने के मामले में गुमराह कर रही है, जबकि दिल्ली सरकार ने बजट पेश करने की औपचारिकताएं पूरी नहीं की और वह इस बात पर चर्चा कराने की मांग करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया, जिसके विरोध में भाजपा विधायकों ने सदन का वॉकआउट कर दिया। इससे पहले विजेंद्र गुप्ता और विधानसभा अध्यक्ष के बीच काफी देर तक बहस हुई। इस दौरान विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वे तानाशाही कर रहे हैं। तभी विधानसभा अध्यक्ष ने कहा हां वह तानाशाही कर रहे हैं। भाजपा दिल्ली के लोगों के साथ तानाशाही करते हुए अन्याय कर रही है इसलिए वह भी तानाशाही कर रहे हैं।

### कैलाश गहलोत ने रखा अपना पक्ष

**विधायकों** के साथ बहस के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा विधायकों के अन्याय करने के आरोप पर बोलते हुए कहा कि, वह अन्याय कर रहे हैं, क्योंकि दिल्ली सरकार के साथ अन्याय हो रहा है तो वह भी विपक्ष के साथ अन्याय कर रहे हैं। भाजपा विधायकों के सदन से बाहर जाने के बाद वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने बजट पेश करने की स्वीकृति के संबंध में पूरा विवरण सदन के समक्ष रखा उनके बयान के बाद आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने सदन में हंगामा करना शुरू कर दिया। उनके शांत नहीं होने पर विधानसभा अध्यक्ष ने 12:00 बजे तक सदन की कार्रवाई स्थगित की। कैलाश गहलोत ने केंद्र सरकार पर बजट रोकने का आरोप भी लगाया।

**दोबारा 2 बजे तक स्थगित हुआ सदन:** दिल्ली विधानसभा में एक बार फिर हंगामा हुआ। आम आदमी पार्टी के विधायकों ने बजट पेश करने की केंद्र सरकार से अनुमति न मिलने के विरोध में हंगामा किया। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को भी नहीं बोलने दिया। उनके बोलने के दौरान आप विधायकों ने हंगामा किया विधानसभा अध्यक्ष 2:00 बजे तक सदन स्थगित किया। भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा से एक साल के लिए निलंबित कर दिया है।

आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने सदन में प्रस्ताव रखा था कि विजेंदर गुप्ता लगातार हाउस को प्रभावित कर रहे हैं। इसलिए उन्हें सदन से एक साल के लिए सस्पेंड किया जाए।

# 'दिल्ली की चुनी हुई सरकार को बजट पेश नहीं करने दिया गया'

**आरोप लगाया**

**= राज्य का बजट वहां की जनता की उम्मीदों को नई उड़ान देता है, मगर केंद्र ने दिल्ली की जनता के उम्मीदों के पंख ही कतर दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली की चुनी हुई सरकार को विधानसभा में बजट पेश नहीं करने देने को दिल्ली और देश के लिए काला दिन बताया। मंगलवार को प्रेस वार्ता कर आप विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि किसी राज्य का बजट वहां की जनता की उम्मीदों को नई उड़ान देता है, मगर केंद्र सरकार ने दिल्ली की जनता के उम्मीदों के पंख ही कतर दिए। दिल्ली सरकार ने 10 दिन पहले ही बजट केंद्र सरकार को भेज दिया था। केंद्र को अच्छे से पता था कि 21 मार्च को सदन में दिल्ली का बजट पेश होना है। केंद्र को बजट पेश होने से रोकना था, इसलिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बेतुके सवाल डालकर इसे मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को भेजने के बजाय मुख्य सचिव को भेज दिया। उन्होंने कहा कि अगर गृह मंत्रालय में बैठा एक बाबू बजट को रोक सकता है तो यह लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने जैसा है। भाजपा की केंद्र सरकार अहंकार में डूबी है और लोकतांत्रिक परंपराओं को दरकिनार कर दिल्ली की जनता से बदला ले रही है।

# शिक्षा मंत्री ने दाखिले की प्रक्रिया को सुगम बनाने के दिए आदेश

**दाखिला प्रक्रिया**

**= इस सत्र के लिए होने वाले ईडब्ल्यूएस दाखिले सुगम तरीके से हो और प्राइवेट स्कूल अपनी मनमानी न करे**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केजरीवाल** सरकार ने दिल्ली में एंट्री क्लासों में होने वाले ईडब्ल्यूएस एडमिशन में अभिभावकों को होने वाली संभावित दिक्कतों को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस वर्ष सरकार ने पूरे दाखिला प्रक्रिया को सख़्ती से मॉनिटर करने की योजना बनाई है ताकि अभिभावक को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस बाबत शिक्षा मंत्री आतिशी ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस सत्र के लिए होने वाले ईडब्ल्यूएस दाखिले सुगम तरीके से हो और प्राइवेट स्कूल अपनी मनमानी न करे। इस शैक्षिणक सत्र 2023-24 के लिए शिक्षा विभाग और एमसीडी से मान्यता प्राप्त 2001 प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी, केजी और पहली कक्षा (एंट्री लेवल एडमिशन) के लिए ईडब्ल्यूएस कोटे के आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें 37,187 सीटों के लिए 2,09,753 आवेदन प्राप्त हुए। शिक्षा विभाग द्वारा कंप्यूटराइज्ड ड्रा के माध्यम से इन सीटों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, ड्रा के पश्चात चयनित अभ्यर्थियों को उनके द्वारा चुने गए स्कूल आवंटित किया जाता है। पेरेंट्स इन स्कूलों में जाकर दस्तावेज सत्यापन करवाते है जिसकें बाद बच्चो का स्कूल में दाखिला लिया जाता है।

कई बार ऐसा देखने को मिला की कुछ स्कूलों में अभिभावक ड्रा में नाम आने के बाद अपने बच्चों के दाखिले के लिए उस स्कूल में जाते है तो उन्हें परेशान किया जाता है और कई मौकों पर दाखिला देने से मना कर दिया जाता है। इस शैक्षिणक सत्र में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को एक चार सूत्रीय एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए है ताकि पूरी एडमिशन प्रक्रिया में पेरेंट्स को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। प्राइवेट स्कूलों में ईडब्ल्यूएस कोटे के दाखिले व्यवधान रहित हो इसके लिए शिक्षा विभाग डीसीपीसीआर के साथ एक संयुक्त कमिटी बनाएगी जो पूरे एडमिशन प्रक्रिया पर नजर बनाए रखेगी।

# लावारिस कुत्तों के नोंचने से ही हुई थी दोनों की मौत

**खुलासा**

**= आनंद के शरीर पर कुत्तों के नोंचने के 19 और आदित्य के शरीर पर कुत्तों के नोंचने के 20 निशान हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नई दिल्ली** के वसंत कुंज इलाके में दो सगे भाई आनंद (7) और आदित्य (5) की मौत कुत्तों के नोंचने से हुई है। आनंद के शरीर पर कुत्तों के नोंचने के 19 और आदित्य के शरीर पर कुत्तों के नोंचने के 20 निशान हैं। दोनों भाइयों के शरीर पर कुत्तों के नोंचने के एक जैसे निशान हैं। ये खुलासा दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस को मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ है। दक्षिण-पश्चिमी जिला डीसीपी मनोज सी ने बताया कि इस मामले में अभी अंतिम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। सिंधी कैंप, रूची विहार रंगपुरी पहाड़ी, वसंतकुंज में रहने वाला आनंद 10 मार्च को अपने घर से ताई के घर जाने के लिए निकला। दोपहर तक वह ताई के घर नहीं पहुंचा तो ताई उसके घर पहुंची। इसके बाद आनंद को ढूंढना शुरू किया। शाम पांच बजे आनंद पास में एक खाली पड़े प्लॉट में मृत मिला। शरीर पर कुत्तों के नोंचने के निशान थे। तीसरे दिन सुबह 10 बजे आनंद का छोटा भाई आदित्य चचेरे भाई चंदन के साथ शौच करने गया था। चंदन कुछ दूरी पर शौच के लिए बैठ गया।





सीएम अरविंद केजरीवाल मीडिया को संबोधित करते हुए।

# हर तीन मिनट में एक की सिर में चोट लगने से होती है मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश में** हर तीन मिनट में एक व्यक्ति की सिर में गंभीर चोट से मौत हो जाती है। इन मौतों को रोका जा सकता है। ऐसी दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के न्यूरो सर्जरी विभाग ने अभियान की शुरूआत की है। इसके तहत लोगों को सड़क सुरक्षा में दुर्घटना व ऊंचाई से गिरने पर सिर में लगने वाली चोट से बचाव के बारे में बताया जाएगा। एम्स के न्यूरोसर्जन डॉ. दीपक गुप्ता ने कहा कि एम्स ने ब्रेन इंजरी प्रिवेंशन इनिशिएटिव की शुरूआत की है। इसके तहत लोगों को सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए सीट बेल्ट, एयरबैग, हेलमेट का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही ऊंचाई से गिरने से होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए सुरक्षित बालकनी, बैरिकेडिंग व अन्य के लिए जागरूकता की जाएगी। बता दें कि भारत में हर साल गंभीर चोटें दर्ज होती हैं। देश में हर साल सिर की चोट से होने वाली एक लाख 50 हजार मौतों में से 25 फीसदी मौतें दोपहिया सड़क यातायात दुर्घटनाओं के कारण होती हैं। ऐसी घटनाओं में यदि हेलमेट पहना जाता है तो मृत्यु व सिर में लगने वाली चोट के जोखिम को 50-60 फीसदी तक कम कर देता है।

# संवैधानिक परंपरा का उल्लंघन करती है आप सरकार: रामवीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भाजपा** ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर एक रणनीति के तहत बजट पेश करने की तारीख आबकारी घोटाला सहित भ्रष्टाचार के अन्य मामलों में मुख्यमंत्री जांच के घेरे में हैं। अपने बचाव में लोगों की सहानुभूति बटोरने और केंद्र सरकार को बदनाम करने के लिए उन्होंने यह विवाद खड़ा किया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने वित्त मंत्री कैलाश गहलोत पर बजट को सार्वजनिक कर पद की गोपनीयता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए उनसे इस्तीफे की मांग की।



प्रेस वार्ता में सचदेवा ने कहा कि गृह मंत्रालय से बजट प्रस्ताव की स्वीकृति मिलने पर विधानसभा अध्यक्ष को इसकी जानकारी दी जाती है। अध्यक्ष बिजनस एडवाइजरी कमेटी की बैठक बुलाकर विधानसभा में बजट प्रस्तुत करने की तारीख तय करते हैं। उसके बाद इसकी घोषणा होती है। इस संवैधानिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

# विस अध्यक्ष ने यमुना के दूषित जल का मुद्दा विशेषाधिकार समिति को भेजा

**गंभीर करार दिया**

**= सदन में गोयल ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की एक रिपोर्ट में विपक्ष के दावों को खारिज किया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने भाजपा विधायकों की ओर से विधानसभा में दूषित जल लाने और इसे यमुना का पानी होने का दावा करने के मुद्दे को गंभीर करार दिया। स्पीकर ने इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेज दिया है और एक माह के अंदर रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। सदन में गोयल ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की एक रिपोर्ट में विपक्ष के दावों को खारिज किया गया है। कहा गया है कि उनके द्वारा लाया गया पानी यमुना का नहीं है। विपक्ष के सदस्यों ने अनावश्यक सनसनी फैलाई और सदन को गुमराह किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन में नियमों का उल्लंघन करके 18 जनवरी को पानी की बोतल लाने और प्रदर्शित करने वाले के आचरण के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए। विशेषाधिकार समिति इस बारे में रिपोर्ट दें कि इस मामले में कौन-कौन शामिल थे और पानी कहां से लाया गया।

# जबरन कैब में बैठाने के मामले में युवती का यूटर्न

**सुलझा**

**= 'मेरे मंगेतर के बीच एक गलतफहमी के चलते हुई। हम एक निजी कारण से लड़ रहे थे और बाद में हमने झगड़ा सुलझा भी लिया'**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली में** युवती की बीच सड़क पर पिटाई करने के बाद उसे जबरन कैब में बिठाने के जिस वीडियो के वायरल होते ही बाहरी जिला पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था, अब उस मामले में युवती का बयान सामने आया है।

**नया वीडियो बनाकर युवती बोली ये बात:** युवती ने घटना के लगभग तीन दिन बाद एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है जिसमें उसने दिल्ली पुलिस को धन्यवाद देने के साथ ही बताया है कि वह उसकी निजी लड़ाई थी। युवती ने वीडियो में बताया है कि, 'उस दिन जो घटना हुई वो मेरे और मेरे मंगेतर के बीच एक गलतफहमी के चलते हुई। हम एक निजी कारण से लड़ रहे थे और बाद में हमने झगड़ा सुलझा भी लिया। मैं दिल्ली पुलिस का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं कि वह 24 घंटे लड़कियों की सुरक्षा में लगी रहती है।'

**वीडियो वायरल होने के बाद क्या हुआ:** वीडियो वायरल होने के बाद आनन-फानन पुलिस कैब के नंबर के जरिए चालक तक पहुंची और फिर पीड़ित युवती से संपर्क कर आरोपी दो आरोपी युवकों को हिरासत में ले लिया। युवती की काउंसलिंग और मेडिकल करवाई गई। हालांकि युवती ने बताया कि निजी मामले को लेकर उनका अपने मित्र से विवाद हो गया था। उसने मामले में कोई शिकायत नहीं दी है।

**शनिवार रात तेजी से वीडियो हुआ वायरल:** शनिवार रात सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। इस वीडियो में एक कैब बीच सड़क पर दिखाई दे रही है। इसमें एक युवक युवती को धक्का देकर कार में जबरन बिठाने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान युवक युवती के साथ मारपीट भी करता है। उसके बाद वह युवती को कार में बिठाकर चला जाता है। इस बीच सड़क पर यातायात चलता रहता है। इस वीडियो के आधार पर और एक राहगीर की शिकायत पर मंगोलपुरी थाना पुलिस ने तुरंत अपहरण का मामला दर्ज कर लिया और इसकी जांच के लिए कई टीम गठित कर दी गईं।

# एक महीने में लगातार 26 लोगों की मौत के बाद गांव वालों ने किया महायज्ञ

**आयोजन किया**

**= विजय तंवर व राजू रजक ने बताया कि करीब 115 साल से नांगल राया गांव बसा हुआ है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एक महीने** में एक के बाद एक करीब 26 लोगों की दुर्घटना व अन्य कारणों से हुई मौत की घटना के बाद नांगल राया गांव के लोगों ने महायज्ञ का आयोजन किया। राजकुमार तोमर, नत्थू चंदीला, विजय तंवर व राजू रजक ने बताया कि करीब 115 साल से नांगल राया गांव बसा हुआ है। यहां फरवरी से लेकर मार्च तक 25 से 26 लोगों की मृत्यु हो गई थी। उसी को देखते हुए गांव के बड़े बुजुर्गों ने एक सभा बुलाई। जिसमें सभी धर्म और जाति के लोगों को इकट्ठा किया गया और उस सभा में एक विचार रखा गया कि नांगल राया गांव में हवन पूजन के साथ भंडारा किया जाए।

उसके बाद 14 मार्च से पाठ पूजा 20 मार्च तक चला और आज अमावस्या के दिन महायज्ञ और विशाल भंडारा किया किया। लोगों का मानना है कि ऐसा करने से अब ऐसी घटनाएं नहीं होंगी।

# श्रीराम जी के राजतिलक के साथ, 7 दिवसीय श्रीराम कथा संपन्न







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** के रामलीला मैदान में सात दिवसीय श्रीराम कथा व महारुद्र यज्ञ का समापन हुआ। साध्वी ऋतंभरा ने अंतिम दिन की कथा में अशोक वाटिका, राम राज्य अभिषेक प्रसंग का वर्णन किया तो पूरा पंडाल पूरी तरह भावविभोर हो गया। अशोक वाटिका प्रसंग में पंडाल में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं की आंखें भर आई। साध्वी ऋतंभरा ने कहा की राम कथा में रोजाना हजारों लोगों ने भक्ति भाव से सम्मिलित होकर नरेला नगरी को अयोध्या बना दिया। नरेला के रामलीला ग्राउंड में विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला द्वारा हिंदू नववर्ष के अवसर पर हिंदू नववर्ष महोत्सव का भव्य आयोजन 15 से 22 मार्च तक किया गया। नववर्ष महोत्सव में सात दिवसीय महारुद्र यज्ञ, सात दिवसीय रामकथा, राम बारात, खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। बुधवार को कवि सम्मेलन व विशाल भंडारे के साथ हिंदू नववर्ष के दिन इसका समापन होगा। सात दिवसीय श्रीराम कथा व 51 कुंडी महारुद्र यज्ञ का मंगलवार को समापन हो गया। वैदिक मंत्रोचार के साथ 51 कुंडीय महारुद्र यज्ञ पूणार्हुति के साथ मंगलवार को संपन्न हो गया। यज्ञचार्य ने विद्वान आचार्यों के साथ मंत्रोचार एवं विधि विधान से पूजा अर्चना करके यज्ञ संपन्न कराया। महारुद्र यज्ञ में समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा उनकी धर्मपत्नी मुख्य यजमान बने। 15 मार्च से शुरू हुए महारुद्र यज्ञ में रोजाना 51 यजमानो ने परिवार सहित वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना कर आहुति डाली। यज्ञ को लेकर पूरे 7 दिनों तक कथा परिसर आस्था व निष्ठा का केंद्र बना रहा।

वेद आचार्य द्वारा वेद मंत्रों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। विद्वान आचार्य द्वारा 7 दिनों तक प्रतिदिन वैदिक मंत्रोचार के साथ समस्त यज्ञ कर्म संपन्न कराएं। इस दौरान रोजाना महाप्रसाद का भी वितरण होता रहा। पूणार्हुति के उपलक्ष में यज्ञशाला की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वही साध्वी ऋतंभरा ने अंतिम दिन की राम कथा में अशोक वाटिका, रामराज्य अभिषेक का वर्णन किया तो पूरा पंडाल पूरी तरह भावविभोर हो गया। उन्होंने बताया कि सीता माता की खोज में हनुमान जी ने लंका में घूमते हुए श्रीराम श्रीराम की आवाज सुनी। जब हनुमान ने कुटिया में प्रवेश किया तो देखा वहां पर रावण के छोटे भाई विभीषण थे जो श्री राम की भक्ति में लीन थे। उन्होंने बताया कि माता सीता अशोक वाटिका में है। उनसे माता सीता का पता लगाकर वह अशोक वाटिका पहुंच गए। वाटिका में माता सीता के दर्शन कर उन्हें अपना परिचय देते हुए श्री राम का भक्त हनुमान बताया। इस पावन क्षण में माता सीता का हृदय प्रफुल्लित हो गया। कथा में उन्होंने राम का राज्य अभिषेक के साथ राम की महिमा को भी गाया जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। राम के राज्याभिषेक में अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया जाता है। पूरी अयोध्या नगरी खुशी से झूमती है।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। कथा के अंतिम दिन हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से भगवान राम की कथा का रसपान किया।









# भलस्वा डेयरी: सभी को अपने-अपने क्षेत्र में करना चाहिए पौधारोपण: टिम्सी सुरेश शर्मा









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने पशु चिकित्सालय के साथ वाले पार्क, दुर्गा चौक भलस्वा डेरी में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर वार्ड नम्बर-18 की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि आज अपने वार्ड-18 जहांगीर पुरी को स्वच्छ और हरियाली युक्त बनाने हेतु क्षेत्र में पौधारोपण अभियान चलाया गया।

इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि हमारे जीवन में पौधारोपण का विशेष महत्व है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। अगर पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो हमें साफ हवा सांस लेने को मिलेगी। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखे।



मनीष सिसोदिया व सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के विरोध में वजीरपुर वार्ड में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

# हम सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए: पूनम वर्मा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। उक्त बातें अशोक विहार की समाजसेविका पूनम वर्मा ने कही।

पूनम वर्मा ने आगे बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए क्योंकि सत्य की राह पर चलने वाला व्यक्ति हमेशा ही सफल होता है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चलें। उन्होंने आगे बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी



चाहिए, क्योंकि पौधारोपण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें।

# मॉडल टाउन: रक्तदान का हमारे जीवन में है विशेष महत्व: सीमा निगम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मॉडल टाउन की समाजसेविका सीमा निगम ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए।

एक अन्य सवाल के जवाब में सीमा निगम ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करे। जिससे की लोग अधिक से अधिक रक्तदान करें। रक्तदान के महत्व का



हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी रक्तदान करें। सीमा निगम ने संस्थाओं, आरडब्ल्यूए व धार्मिक संगठनों से भी अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने संगठन के माध्यम से अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक रक्तदान शिविर का आयोजन करें। जिससे लोग इन शिविरों में रक्तदान करें और अधिक से अधिक रक्त को एकत्रित किया जा सकें। उन्होंने लोगों से कहा कि जहां पर भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, वहां पर जाये और रक्तदान करें। क्योंकि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आती है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें।

# कांग्रेस बजट को प्रवासी मुख्यमंत्री का भ्रामक प्रचार-प्रसार बजट नाम देती हैं: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं दिल्ली सरकार पूर्व संसदीय सचिव अनिल भारद्वाज ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल की दिल्ली सरकार द्वारा जनहित में जन कल्याण योजनाओं को लागू करने की जगह उपराज्यपाल के साथ अधिकारों की लड़ाई के कारण ही वर्तमान में दिल्ली में असमंजस की स्थिति व्याप्त हुई है। संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए अनिल भारद्वाज ने कहा कि बजट पारित होने से पूर्व दिल्ली सरकार का बजट लीक होने की शिकायत होना बहुत ही गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि यदि दिल्ली सरकार का बजट सदन पटल पर आने से पहले लीक हुआ है तो विधानसभा अध्यक्ष इसकी जांच कराऐं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार द्वारा प्रचार प्रसार के क्षेत्र में अनियंत्रित राशि का इस्तेमाल करने के कारण प्रस्तावित बजट पर केन्द्र सरकार ने आपत्ति लगाकर वापस भेज दिया। अनिल भारद्वाज ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की संविधान के विरुद्ध कार्यशैली और प्रशासनिक विफलताओं के कारण इतिहास में पहला उदाहरण है कि आम आदमी पार्टी की सरकार प्रस्तावित तिथि पर बजट पेश नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 15 वर्ष कांग्रेस का



शासन और उससे पूर्व भी कभी भी ऐसी चिंताजनक स्थिति उत्पन्न नहीं हुई कि तय दिन बजट पेश नहीं हुआ हो। दिल्ली विधानसभा का बजट देरी से आने की विफलता मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की है। अनिल भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीति और नियत अच्छी नही

**भारद्वाज ने कहा...**

**= केजरीवाल सरकार की निष्क्रिय कार्यशैली और प्रशासनिक विफलताओं के कारण इतिहास में पहला उदाहरण है कि सरकार प्रस्तावित तिथि पर बजट पेश नहीं कर पाई: अनिल भारद्वाज**

**= यदि दिल्ली सरकार का बजट सदन पटल पर आने से पहले लीक हुआ है तो विधानसभा अध्यक्ष इसकी जांच कराऐं: अनिल भारद्वाज**

है और पिछले 9 वर्षों से दिल्ली की जनता के लिए काम करने की बजाय विकास के काम न करने के बहाने बनाए और बनाकर विक्टिम कार्ड खेलने का काम किया है। दिल्ली की बदहाली के लिए भाजपा और आम आदमी पार्टी की नूरा कुश्ती जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता को नाम का बजट नही काम का बजट चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शीला दीक्षित जी की सरकार ने 15 वर्षों में विजन के तहत काम करके दिल्ली को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाया जिसका केजरीवाल सरकार रखरखाव तक नहीं कर पाई। अनिल भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल सरकार जब से सत्ता में आई है प्रत्येक वर्ष दिल्ली की जनता को गुमराह करने के लिए नाम बदलकर बजट पेश किए है, परंतु जमीन पर कोई काम नही हुआ है।

# भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से सभी खुश: शर्मा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा** नेता संजय शर्मा ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से देश के लोग काफी ज्यादा खुश है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास करके दिखाया है। आज शहरों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास देखने को मिल रहा है, देश के किसान भी भाजपा के कार्यों को सराहा रहे है। उन्होंने आगे बताया



कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग काफी ज्यादा खुश है और भाजपा के कार्यों व नीतियों की प्रशंसा कर रहे है।

# अवैध खनन करने वालों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**डीसी** विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सम्बंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गण सख्ती से पेश आएं और इस कार्य की नियमित तौर टीमें निगरानी के लिए गस्त कर समीक्षा करें। साथ ही उसकी प्रगति रिपोर्ट भी डीसी कार्यालय में प्रस्तुत करें। डीसी विक्रम सिंह आज मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स /खनन कार्य की समीक्षा बैठक में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी विक्रम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे



जिला फरीदाबाद में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सतर्कता बरते। जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतों या सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही के साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें। जिला फरीदाबाद यमुना क्षेत्र में और अवैध क्रेशर जोन को अवैध खनन बंद करवाए। डीसी विक्रम सिंह ने विभाग वार बैठक में माह मार्च , 2023 में हुई, अवैध खनन की घटनाओं पर की गई कार्रवाई की एक-एक करके समीक्षा भी की। वहीं जिला में अवैध खनन की जांच के लिए निगरानी दलों/डीएलटीएफसी के सदस्यों के आपसी समन्वय पर भी समीक्षा की गई और अवैध खनन से जुड़े संवेदनशील गांवों के संबंध में समीक्षा कर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डीसी विक्रम ने पुलिस विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज पर की गई कार्रवाई की बारीकियों से समीक्षा कर पुलिस विभाग के अधिकारियों को सरकार की गाइडलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिए। वहीं क्रशर जोन पाली व में स्टोन क्रेशर लाइसेंस की निगरानी बारे समीक्षा की गई। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में 6 पीएलपीए की धारा 4 व 5 में अवैध खनन पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट डीएफओ को दे। उन्होंने कहा कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सख्ती के साथ सतर्कता बरती जाए और अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। डीसी विक्रम सिंह ने समीक्षा बैठक में खनन विभाग, आरटीए, वन व अन्य सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आपसी बेहतर तालमेल के साथ सख्ती से कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य की नियमित तौर पर समीक्षा करें और रिपोर्ट भी डीसी कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज में योग महोत्सव आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**स्कूल ऑफ** एलाइड हेल्थ साइंसेज, एमआरआईआईआरएस ने मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से योग महोत्सव 2023 मनाया। लगभग 250 छात्रों ने सूर्य नमस्कार, शवासन, नाड़ी शोधन, प्राणायाम और भ्रामरी प्राणायाम किए। डॉ. राजेश कुमार, प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस, एमआरआईआईआरएस, डॉ. सुचि मोहन, डेमोंस्ट्रेटर, एमडीएनआईवाई और डॉ. इंदु शर्मा, विशेषज्ञ, एमडीएनआईवाई ने छात्रों को सभी योग आसनों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के बाद वैज्ञानिक सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रोफेसर (डॉ.) संजय श्रीवास्तव, माननीय कुलपति, एमआरआईआईआरएस की





उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई। डॉ. ईश्वर वी. बसवराड्डी, निदेशक, एमडीएनआईवाई, प्रो (डॉ.) जी.एल.खन्ना, पीवीसी, एमआरआईआईआरएस, प्रोफेसर (डॉ.) मुत्तर रजा रिजवी, डीन, स्कूल ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज, एमआरआईआईआरएस और सभी प्रतिष्ठित वक्ता, पैनलिस्ट और छात्र। एमआरआईआईआरएस और एमडीएनआईवाई के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए और समारोह प्रोफेसर (डॉ.) संजय श्रीवास्तव, माननीय कुलपति, एमआरआईआईआरएस और डॉ. ईश्वर वी. बसवराड्डी, निदेशक, एमडीएनआईवाई की उपस्थिति में किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बेहतर तकनीक और प्रदर्शन के साथ ऑल न्यू हुंडई वेरना लांच

**चंडीगढ़ :** हुंडई मोटर्स इंडिया ने ह्यफियूचरिटिस्क एंड फेरोशियसह्न के उत्तम समावेश के साथ अपनी-ऑल न्यू हुंडई वेरना को इंडस्ट्रियल ऐरिया स्थित हुंडई की डीलरशिप करिज्मा हुंडई में लांच किया। इस नये वैरियंट में नई तकनीक, आराम, स्पेस और परफोरमेंस का बेहतरीन तालमेल हैं। नई वेरना को मुख्य अतिथि चंडीगढ़ के उपायुक्त विनय प्रताप सिंह (आईएएस) ने नगर निगम के मेयर अनूप गुप्ता की उपस्थिति में लांच किया। वेरना का 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन का बेस मॉडल 10,89,900 रुपये में जबकि टॉप मॉडल आईवीटी 16,19,500 रुपये में उपलब्ध है। वहीं दूसरी ओर 1.5 लीटर टर्बो जीडी पेट्रोल का बेस मॉडल 6 एमटी 14,83,500 रुपये में जबकि टॉप मॉडल 7डीसीटी 17,37,900 रुपये में उपलब्ध है। हुंडई मोटर्स के एमडी और सीईओ उनसू किम ने बताया कि ऑल न्यू हुंडई वेरना को छह मूल आधार पर विकसित किया गया है जिसमें फ्यूचरिस्टिक डिजाईन, स्पेशियस इंटिरियर, उत्कृष्ट तकनीक, सेफ्टी, बेहतरीन प्रदर्शन और संपूर्ण ड्राईविंग का सुखद आभास शामिल है। वेरना सात कलर ऑप्शनों - टाइफून सिल्वर, फेयरी रेड, स्टारी रेड, टाईटन ग्रे, ऐबिस ब्लैक, एटलस व्हाइट और टेल्यूरियन ब्राउन में उपलब्ध रहेगी।

### सोलिस यानमार आधिकारिक वेबसाइट पर ट्रैक्टर कीमत दिखाने वाला बना पहला एमएनसी ट्रैक्टर ब्रांड

**नई दिल्ली :** ग्लोबल ट्रैक्टर एक्सपर्ट 'सोलिस यानमार' ने किसान के भरोसे को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कीमतों को प्रदर्शित करने वाला भारत का पहला मल्टी नेशनल (एमएनसी) ट्रैक्टर ब्रांड बन गया है। सोलिस यानमार के नेतृत्व में ट्रैक्टर उद्योग में यह सफलता किसानों को 'खुशियां आपकी, जिम्मेदरी हमारी' का आश्वासन देगी और किसानों को अधिक पारदर्शिता के साथ अपने पसंदीदा सोलिस यानमार ट्रैक्टर चुनने का मौका देगी। सोलिस यानमार ने पहले ही ट्रैक्टर उद्योग में कई श्रेष्ठ कदम उठाए हैं जैसे किसानों को '5 साल की वारंटी और 500 घंटे का ऑइल चेंज इंटरवल' की पेशकश करने वाला 'सोलिस प्रॉमिस'। वेबसाइट पर सोलिस यानमार ट्रैक्टर द्वारा कीमतों का खुलासा करने वाला कंपनी का नया कदम किसानों को ट्रैक्टर खरीद प्रक्रिया में अधिक भरोसा देगा, जिससे उन्हें भारतीय ट्रैक्टर उद्योग में 'फ्यूचर इस नाऊ' सुनिश्चित होगा। कंपनी ने वैरिएंट स्तर तक कीमतों का खुलासा किया है, ताकि किसान सीधे कंपनी से सर्वोत्तम रेट प्राप्त करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर सकें। अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, ह्लआधिकारिक वेबसाइट पर ट्रैक्टर की कीमतों का खुलासा करके, सोलिस यानमार पहला ट्रैक्टर मल्टी-नेशनल होगा जो भारतीय ट्रैक्टर उद्योग में बदलाव के एक रोमांचक चरण का नेतृत्व कर रहा है और यह सुनिश्चित कर रहा है कि किसानों को वह मिले जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने सिरसा, हरियाणा में अपनी पहली शाखा का उद्घाटन किया

**सिरसा :** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, भारत का दूसरा सबसे बड़ा फंड हाउस, ने 20 मार्च 2023 को सिरसा में अपनी पहली शाखा का उद्घाटन गर्ग टॉवर, पहली मंजिल, अरोमा होटल के सामने, डबवाली रोड सिरसा में किया ।शाखा का औपचारिक उद्घाटन श्री अंकुर विज, (रीजनल हेड, आईसीआईसीआई बैंक) द्वारा किया गया था। उनके साथ श्री विपुल घई (रीजनल हेड), गुरप्रीत सिंह (चैनल हेड) और कई प्रमुख फाइनेंशियल एडवाइजर, ग्राहक और कर्मचारी भी इस मौके पर मौजूद रहे ।इस अवसर पर बोलते हुए, श्री विपुल घई ने सभी चैनल भागीदारों को धन्यवाद दिया और कंपनी की सफलता और विकास के लिए मौलिक रूप से उनके योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि ह्लहम एक विशिष्ट ग्राहक अनुभव बनाने और वित्तीय समाधानों को सरल और अधिक सुलभ बनाने का प्रयास करते हैं। इस नई शाखा का खुलना इसी दिशा में एक और कदम है ।ह्वपिछले ढाई दशकों में, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड फंड प्रबंधन क्षेत्र में दूसरे सबसे बड़ी कंपनी के रूप में उभरा है, जिसकी कुल औसत एसेट्स अंडर मैनेजमेंट 5 .2 लाख करोड़ (28 फरवरी, 2023 तक) है। 474 शाखाओं के माध्यम से 8 मिलियन से अधिक ग्राहकों की सेवा करते हुए, फंड हाउस इक्विटी, डेट, हाइब्रिड और कमोडिटी पेशकशों में अग्रणी कंपनी है। समय के साथ उनके कई उत्पाद कैटेगरी निमार्ता बन गए हैं, जिससे निवेशकों को अपने वित्तीय सपनों को हकीकत में बदलने में मदद मिली है ।शाखा में जाने के अलावा, नए और मौजूदा निवेशक निवेश, स्विच, रिडीम या किसी अन्य लेनदेन या परिचालन आवश्यकताओं के लिए ऐप-आईप्रौटच- डाउनलोड और उपयोग कर सकते हैं।

## भारत एक हिन्दू राष्ट्र : स्वामी चैतन्यपुरी जी महाराज

**फरीदाबाद।** कामां के कन्हैया प्रेमावतार श्रीश्री 1008 स्वामी चैतन्यपुरी जी महाराज ने भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के संदर्भ में चलाई जा रही मुहिम का समर्थन करते हुए कहा है कि भारत अनादि से हिन्दू राष्ट्र है। प्रत्येक स्थान के आधार पर देश का निर्धारण होता है ठीक वैसे ही भारत हिन्दूओं की भूमि है और हिन्दुस्तान हिन्दुओं का ही स्थान है। चैतन्यपुरी जी महाराज सैक्टर-58 में पुरी टायर एवं ट्यूब पर जे.के. ट्रक टायर सैन्टर के उद्घाटन अवसर पर पत्रकारों से रूबरू हो रहे है। यहां पहुंचने पर पुरी टायर एवं ट्यूब के स्वामी कमल पुरी द्वारा उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

# स्नैचिंग मामला : क्राइम ब्रांच ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**15 मार्च** को गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड़ मंगार के पास ऑटो चालक के साथ हुई स्नैचिंग के मामले में पुलिस आयुक्त श्री विकास कुमार अरोड़ा व डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए तुरंत कार्रवाई के निर्देश के तहत एसीपी क्राइम श्री सुरेंद्र श्योराण के मार्ग दर्शन में क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए 2 आरोपयो को मात्र 48 घंटे में गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में इकलाख और. दीपक का नाम शामिल है।



आरोपी इकलाख फरीदाबाद के गांव धौज का तथा आरोपी दीपक मूल रुप से रेवाडी जिले के गांव संगी का हाल गुरुग्राम के अम्बेडकर नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियो को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रो से प्राप्त सूचना से थाना धौज के स्नैचिंग के मामले में गाँव कुरेशीपुर के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशे करने के आदि हैं नशे की पूर्ति के लिए स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपयो ने 15 मार्च को गुरुग्राम से फरीदाबाद के लिए ऑटो किराये पर बुक करके फरीदाबाद के लिए रवाना हो गए, लेकिन रास्ते मे मांगर चौकी के पास दोनों आरोपियों ने पेशाब करने के बहाने ऑटो रुकवाया तथा मौका देखकर ऑटो चालक को धक्का देकर झडि?ों में फेंक दिया। आरोपियो ने मौके से ऑटो चालक का मोबाइल, रुपये तथा ऑटो छीनकर भाग गये। आरोपियो ने पकड़े जाने के डर से मोबाइल को रास्ते में ही फेंक दिया तथा ऑटो को गाँव कुरेशीपुर फरीदाबाद में ले जाकर गैस कटर से काटकर टुकड़े टुकड़े कर दिया तथा ऑटो के इन टुकड़ों को प्लास्टिक के कट्टों में भरकर छुपा दिया। ऑटो के गल्ले में मिले तीन हजार रुपयों में से कुछ रूपयों को नशे में तथा खाने पीने में खर्च कर दिया। दोनो आरोपियो को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। आरोपियो से पूछताछ में ऑटो के इंजन के पार्ट ईंजन, चेसिस नम्बर लिखे हुआ ऑटो के पार्ट,ऑटो की नम्बर प्लेट, एलपीजी गैस सिलेंडर, ऑक्सीजन सिलेंडर रेगुलेटर और गैस कटर (टार्च) के साथ 2800/-रु नगद बरामद किए है। दोनों आरोपियो को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# अग्रवाल महाविद्यालय में थैलेसीमिया जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
अग्रवाल महाविद्यालय के प्रागंण में महाविद्यालय की यूथ रैड क्रॉस इकाइयों के द्वारा थैलासैमिक्स इंडिया दिल्ली, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी केंद्रीय शाखा नई दिल्ली व फाउंडेशन अगेंस्ट थैलीसैमिया, फरीदाबाद इंडिया के सहयोग से निःशुल्क थैलेसीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी का इस तरह के शिविरों के आयोजन की पीछे जो उद्देश्य है व सभी को स्वस्थ रखना है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ



मस्तिष्क का वास होता है और स्वस्थ विद्यार्थी ही स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी दे सकते हैं। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के जनरल सेक्रेटरी श्री रविंद्र डुडेजा जी ने सभी को बताया कि अगर थैलेसीमिया कैरियर पुरुष की शादी थैलेसीमिया कैरियर महिला से हो जाए तो उनके बच्चे के थैलेसीमिया ग्रसित होने की संभाव ना बहुत अधिक होती हैं इसलिए ये शिविर मानव कल्याण के लिए एक वरदान साबित होगा।

## सीवी रमन के नोबेल पुरस्कार से जुड़े रोचक तथ्यों पर हुई चर्चा

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के भौतिकी विभाग ने आज 'भौतिकी में नोबेल पुरस्कार के लिए रमन की खोज की कहानी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया, जिसे पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के पूर्व कुलपति प्रो अरुण कुमार आमंत्रित वक्ता रहे। उन्होंने सर चंद्रशेखर वेंकट रमन की यात्रा और नोबेल पुरस्कार के लिए उनके दृढ़ संकल्प के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने अपने व्याख्यान की शुरूआत सर जे.सी. बोस की वैज्ञानिक यात्रा और आधुनिक विज्ञान में उनके योगदान से की।

# एडमिशन में पीपीपी: इंडियन प्राईवेट स्कूल एसो. ने डाली जनहित याचिका



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**प्रदेश** सरकार द्वारा निजी स्कूलों में एडमिशन के समय परिवार पहचान पत्र (पीपीपी)का अनिवार्यता के चलते आज इंडियन प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन ने इसका विरोध करते हुए न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की है। एसोसिएशन के चेयरमैन डा. विमल पाल, अध्यक्ष डा. प्रदीप गुप्ता, महासचिव व कोषाध्यक्ष डा. राजेश मदान व कानूनी सलाहकार डा. तरूण अरोड़ा एडवोकेट ने प्रैस वार्ता का बताया कि स्कूलों की को पीपीपी के तहत टेक्निकल दिक्कत आएगी। हरियाणा सरकार की ओर से शिक्षा विभाग के द्वारा नए एडमिशन के लिए प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) पोर्टल पर पीपीपी को अपलोड करना अनिवार्य किया है। प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा हरियाणा के स्कूलों में अप्रैल में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। इस दौरान स्कूलों में नए एडमिशन भी किए जाएंगे। स्कूल प्रबंधन इस बार नए एडमिशन में पीपीपी को लेकर चिंतित है। चेयरमैन डा. विमल पाल व अध्यक्ष डा. प्रदीप गुप्ता ने बताया कि अब सरकार के एमआईएस पोर्टल पर नए छात्रों के पंजीकरण करने के लिए पारिवारिक आईडी का उपयोग करना होगा। इसमें कई तरह की खामियों के कारण प्रबंधन ने एडमिशन में परेशानी आ रही है। क्यों फरीदाबाद एक औद्योगिक नगरी है, जहां देश के विभिन्न राज्यों के मजदूर व मध्यम वर्गीय लोग रोजी-रोटी की तलाश में आता है। इन लोगों व उनके परिवार के अन्य सदस्यों का पीपीपी कार्ड नहीं है। इंडियन प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि एडमिशन की नई प्रक्रिया में परिवार पहचान पत्र को विकल्प के रूप में कर दिया जाए। एसोसिएशन के अनुसार जल्द ही वह इस मांग को लेकर हरियाणा के शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

# लागत लेखांकन नॉर्दन रेंज व सीएमए चैप्टर ने सेमिनार का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**लागत** लेखांकन (कॉस्ट अकाउंटेंट) नॉर्दन रेंज व फरीदाबाद सीएमए चैप्टर ने एक सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें ऑडिट अंडर एसएपीए माइक्रो स्मॉल मीडियम एंटरप्राइजेज फाइनेंस आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें मुख्य रुप से सीएमए राकेश भल्ला, वाइस प्रेसिडेंट आईसीएआईए सीएमए हरकेश तारा, चेयरमैन एनआरसी के साथ सीनियर एस ए पी कंसलटेंट सीएमए सरिता फल्सवाल राघव जाना-माना नाम एमएसएमई ऑफ इंडिया के चेयरमैन राजीव चावला, सीए कमल गर्ग आदि लोगों ने अपने



विचार रखें। सेमिनार में सीएमए राकेश भल्ला, हरकेश तारा ने सीएमए के छात्रों को आने वाली चुनौतियां और संभावनाओं के बारे में जागृत करते हुए बताया कि हम लोग एक लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं जिसमें काफी हद तक हमें सफलता मिली है इन्वेंटरी ऑडिटिंग का भी बिल लगभग पास हो गया है, उससे हमारे तरक्की के रास्ते और भी खुल जाएंगे। सीएमए सरिता फल्सवाल राघव ने एसएपी के बारे में बताते हुए कहा कि सिस्टम से काम करने से काम की लागत और परेशानियां कम हो जाती हैं और गलतियों की संभावनाएं बिल्कुल खत्म हो जाती हैं। जाने-माने मोटीवेटर राजीव चावला ने अपने वक्तव्य में कई विषयों को छूते हुए प्रोफेशनल्स को प्रेरित (मोटिवेट) किया और बहुत सारी संभावनाओं को जागृत करने वाला सीएमए चैप्टर को बधाई दी। वहीं सीएमए कमल गर्ग ने फाइनेंस से जुड़े हुए विषयों पर अपने विचार रखें कार्यक्रम के संयोजक सीएमए सौरभ राघव ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। साथ ही साथ अपनी टीम के फरीदाबाद चैप्टर के पूर्व चेयरमैन सीएमए सचिन कथूरिया आदि लोगों के सहयोग से कार्यक्रम सफल बनाया गया। मंच संचालन यशिका गर्ग ने किया। सौरभ राघव ने बताया कि अलग-अलग राज्यों के प्रोफेशनल्स फरीदाबाद में आए हैं। यह फरीदाबाद चैप्टर के लिए गर्व की बात है।

# मेट्रो हॉस्पिटल में और ओरल हेल्थ के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**पुलिस** प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 'वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे' के अवसर पर पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोडा, डीसी फरीदाबाद विक्रम सिंह, व डीसीपी नीतीश अग्रवाल, चेयरमैन मेट्रो ग्रुप डॉक्टर पुरुषोत्तम लाल, डॉक्टर कोमल मीना हेड डेंटल विभाग, ओरल हेल्थ के बारे में अपने विचार रखे। इस अवसर पर ह्यूमन लीगल एवं क्राइम कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन से राधिका बहल एवं अनुराग शर्मा, मेट्रो हॉस्पिटल की चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव सना अश्वनी बवेजा एवं मैनेजमेंट के पदाधिकारीयो के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त विकास कुमार



अरोड़ा ने बताया की हमें अपने आस पास की साफ-सफाई समय समय पर करते रहना चाहिए साथ ही अपने शरीर की सफाई प्रति दिन करते रहना चाहिए। सफाई ही बीमारियों से लडने का प्राथमिक इलाज है। अगर सफाई सुचारु रुप से हो रही है तो आपको कोई बीमारी जल्दी से नही लगती है। आप स्वस्थ रहते हो। वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे पर मेट्रो अस्पताल के चेयरमैन डॉ पुरषोत्तम लाल ने जागरूकता कार्यक्रम में बताया गया कि इंफेक्शन के कारण दांतों में बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। सही समय में इलाज नहीं करवाने पर दांतों को उखाड?ा पड़ सकता है। सूजन और दर्द भी हो सकता है। दांतों और मसूड़ों में दर्द रहे तो इसे इग्नोर ना करें। मसूड़ों से खून आना, ढोले दांत, लगातार सांसों से बदबू आना, मुंह में गांठ, मुंह में घाव, अनियमित धब्बे या दाने नजर आएं तो डेंटिस्ट से जरूर दिखाएं। हमरे समाज में लगभग 40 प्रतिशत आनुवंशिक रूप से निर्धारित होता है , 60 प्रतिशत तम्बाकू , शराब और सुपारी जैसे अन्य कार्सिनोजेन्स के भारी उपयोग से होता है। ओरल कैंसर का सबसे ज्यादा जोखिम तम्बाकू वाले पदार्थों से होता है। इसका किसी भी रूप में सेवन आपके जोखिम को कई गुना तक बढ़ा सकता है। ऐसे में इससे परहेज करें। दातों की सही देखभाल नहीं करने से ओरल कैंसर हो सकता है। ओरल कैंसर मौखिक गुहा के किसी भी हिस्से में विकसित हो सकता है। होंठ, जीभ, गालों की अंदरूनी परत, मुंह के ऊपरी हिस्से आदि यह कहीं भी हो सकता है। जिसके बारे में सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में मुंह मेट्रो अस्पताल की डेंटल डिपार्टमेंट की हेड डॉ कोमल मीणाने बताया कि ओरल हेल्थ का ध्यान रखना हम सभी के लिए बहुत ही जरूरी है। हम में ज्यादातर लोगों को लगता है कि महज सुबह-शाम ब्रश कर लेना ही ओरल हेल्थ के लिए काफी है।

# नगर निगम चुनावों के लिए लगभग सभी वार्डों के लिए उम्मीदवार चिन्हित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
नगर निगम चुनाव हेतु जननायक जनता पार्टी के फरीदाबाद जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया ने अपनी कमर कस ली है और सभी विधानसभाओं में उनके हल्का अध्यक्ष द्वारा आयोजित मीटिंग में उम्मीदवार चिन्हित करने शुरू कर दिए है। मीटिंगों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया ने कहा कि, हमारे द्वारा लगभग सभी वार्डों के लिए उम्मीदवार चिन्हित किए जा चुके। चुनाव, पार्टी के दिशा-निर्देश अनुसार चुनाव लड़ा जाएगा। अंत में फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया ने बताया कि आगामी 24 मार्च



2023 को जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ के.सी. बांगड़, प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, खादी ग्राम उद्योग के चेयरमैन राजेंद्र लेतानी, चुनाव की तैयारियों का निरीक्षण करने एवं आगे की रूपरेखा बनाने हेतु फरीदाबाद के नेहरू ग्राउंड स्थित लायंस क्लब में प्रातः 10 बजे पधार रहे हैं। इन विभिन्न मीटिंगों में ओल्ड फरीदाबाद हल्का अध्यक्ष-कुलदीप तेवतिया, बल्लभगढ़ हल्का अध्यक्ष-दीपक चौधरी, एनआईटी हल्का अध्यक्ष-हाजी करामत अली, बडखल हलका अध्यक्ष-जितेंद्र चौधरी, तिगांव हलका अध्यक्ष-अमर नर्वत पृथला हलका अध्यक्ष-जग्गी मेंबर व ओमवीर तेवतिया, नरेंद्र मलिक, जाकिर खान, खलील, शान मोहम्मद, अरजू कुरेशी, संदीप राय, रतनलाल व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 22 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# नारी शक्ति को सशक्त बना रही योगी सरकार

**आत्मनिर्भर और स्वावलंबी पर जोर: नारी शक्ति योगी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर रोजगार के साथ स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार नारी शक्ति को सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के साथ उन्हें सुरक्षित माहौल देने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रदेश की बेटियां एवं महिलाएं एक ओर जहां योगी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर रोजगार के साथ स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं, वहीं सुरक्षित माहौल देने के लिए योगी सरकार ने उन्हें पुलिस बलों में भी अहम भूमिका दी है। राज्य सरकार ने पीएसी की तीन महिला बटालियन के गठन के बाद तीन और महिला बटालियन की घोषणा की। इसका काम भी युद्धस्तर पर चल रहा है।

प्रदेश के 1583 थानों (जीआरपी सहित) पर महिला बीट आरक्षी को नियुक्त करते हुए महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। प्रदेश की नारी शक्ति को सशक्त, आत्मनिर्भर, स्वावलंबी बनाने के





साथ उन्हें सुरक्षित माहौल देना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। प्रदेश की बेटियां और महिलाएं एक ओर जहां योगी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर रोजगार के साथ स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं, वहीं सुरक्षित माहौल देने के लिए योगी सरकार ने उन्हें पुलिस बलों में भी अहम भूमिका दी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण अभियान- मिशन शक्ति शुरू किया गया। इसके तहत प्रदेश के पुलिस बल में 20 प्रतिशत महिलाओं की नियुक्ति के लिए आरक्षित किया गया ताकि महिलाओं को सुरक्षा देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। साहसी महिलाओं के नाम पर प्रदेश में तीन पीएसी की महिला बटालियन स्थापित की जा रही है। इनका नाम रानी अवंतीबाई लोधी, ऊदा देवी और झलकारीबाई के नाम पर रखा जा रहा है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाली वीर नारियों के नाम यह बटालियन बदायूं, लखनऊ और गोरखपुर में स्थापित की जा रही है। इसी क्रम के दूसरे चरण में जालौन, बलरामपुर और मीरजापुर/भदोही में से एक स्थान पर पीएसी की महिला बटालियन की स्थापना की कार्रवाई तेज कर दी गई है।

पीएसी की एक महिला बटालियन में 1262 पदों पर तैनाती की प्रक्रिया चल रही है।

## महिला अपराधों में आई कमी

**प्रदेश** में 10,417 महिला पुलिस बीट का गठन किया गया है। इन नवगठित बीटों में 15 हजार 130 से अधिक महिला बीट पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की गई है। महिला बीट अधिकारी गांव में महिलाओं से संवाद स्थापित कर अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। इतना ही नहीं, वह योगी सरकार की ओर से महिला कल्याण के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं एवं कार्यक्रम के संबंध में महिलाओं को जागरूक भी कर रही हैं। प्रदेशभर में महिला संबंधी अपराधों को रोकने के लिए शक्ति मोबाइल का गठन किया गया, जो पीड़ित परिवार की काउंसिलिंग के साथ अपराधियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर रही हैं।

## एंटी रोमियो स्क्वॉड ने शोहदों पर कसी नकेल

**राज्य** सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि ऑनलाइन महिला अपराधों पर नकेल कसने के लिए साइबर पुलिस स्टेशन में महिला साइबर सेल का गठन किया गया। इसके जरिए महिला साइबर सेल, इंटरनेट, अन्य सोशल मीडिया एप पर साइबर स्टॉकिंग एवं साइबर बुलिंग शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिलों की दूरस्थ तहसीलों में 79 महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र एवं महिला थाने का गठन किया गया। इन चौकियों और थानों में महिला संबंधी अपराध, घरेलू हिंसा के मामले में महिलाएं शिकायत दर्ज करा रही हैं। इन केंद्रों पर महिलाओं की शिकायतों, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और तीन तलाक जैसे प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो रहा है। बेटियों से छेड़छाड़ करने वाले शोहदों पर कार्रवाई के लिए प्रदेश में 3195 से अधिक एंटी रोमियो स्क्वॉड गठित किए गए। इनके द्वारा दो करोड़ 20 लाख 17 लाख 197 शोहदों की चेकिंग की गई। इस दौरान 88 लाख 25 हजार 966 व्यक्तियों को चेतावनी दी गई, जबकि 25,127 व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई।

**न्यूज फ्लैश**

## पहाड़ से मैदान तक बारिश, पूर्णागिरि मार्ग पर आया मलबा

**चंपावत:** बीते तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मंगलवार को भी दिन की शुरूआत बारिश के साथ हुई। पहाड़ से मैदान तक सोमवार रात से ही रुक रुककर बारिश हो रही है। इसके चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। चम्पावत, लोहाघाट,टनकपुर,पार्टी, बाराकोट समीर पूरे जनपद भर में कल रात से ही बारिश जारी है, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास हो रहा है। उधर पूर्णागिरि मार्ग पर बारिश के कारण बाटनागड़ के पास मलबा आ गया। इसके चलते कुछ देर के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही को रोका गया था। मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। फिलहाल छोटे वाहनों के लिए रास्ता खुल चुका है।

## बरसात ने किसानों के अरमानों पर पानी फेरा

**टीम एक्शन इंडिया/फरुर्खाबाद**

तेज बारिश व हवाओं के झोंके से खेतों में खड़ी फसलें तबाह हो रही हैं। गेहूं के खेत ऐसे लग रहे हैं मानो इस फसल पर किसी ने पाटा चला दिया हो। गेहूं की फसल टूट-टूट कर जमीन पर पसर गई है। इस गिरी हुई फसल पर बारिश का पानी गिरने से उस की निचली परत के साथ ही पत्तियां तथा जड़े सड़ने के आसार बनते जा रहे हैं। इसके साथ ही उसकी बालियां भी फंगस लगने से गलने लगी हैं जिसके कारण दाने तबाह हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में पैदावार काफी प्रभावित होगा।

ठीक यही हाल रवी की अन्य फसलों का भी हो रहा है। इसके अलावा कायमगंज क्षेत्र जहां एटा जनपद के समीपवर्ती वाले ग्रामों से लेकर कायमगंज के पास बसे गांव अताईपुर कटरा, मऊरशीदाबाद, मुडौल, जौंरा कादर, दादपुर सराय, अहमदगंज, भकुसी, विकासखंड शमशाबाद क्षेत्र के गांव सहित पूरे तहसील क्षेत्र कायमगंज में बसे अन्य ग्रामों में अधिकांश किसान तंबाकू की फसल उत्पादक हैं।

## क्षयरोगियों के इलाज में बाधक नहीं होगी आर्थिक तंगी

**टीम एक्शन इंडिया/नपुर**

अगर आप क्षय रोगी हैं तो आपके इलाज में आर्थिक तंगी जैसी कोई बाधा नहीं आएगी। इलाज चाहे निजी चिकित्सालय में ही क्यों न करवा रहे हों। बस एक सूचना क्षय रोग केंद्र में दें और आपका पूरा इलाज हो जाएगा। शर्त बस इतनी है कि दवा का कोर्स बीच न छोड़ें। क्षयरोग के इलाज के दौरान निक्षय पोषण योजना के तहत उचित पोषण के लिए सरकार द्वारा प्रतिमाह 500 रुपये की राशि भी मुहैया करवाई जाती है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.एपी मिश्रा ने बताया कि विश्व के क्षयरोगियों में से 23 प्रतिशत मरीज भारत में हैं।

## नवरात्र में विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए होंगी सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया/मीरजापुर**

**चैत्र** नवरात्र मेला मंगलवार से शुरू हो रहा है, जो छह अप्रैल तक चलेगा। ऐसे में रेलवे प्रशासन ने विंध्याचल स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है।

विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त यात्री आश्रय का निर्माण किया गया है। इसमें अनारक्षित काउंटर, पूछताछ काउंटर, उद्घोषणा प्रणाली, पीने का पानी, प्रकाश एवं शौचालय की उत्तम व्यवस्था की गई है।

**तैयारी पूरी**

**विंध्याचल में मेला अवधि में तीन अनारक्षित काउंटर से टिकट वितरण की व्यवस्था की गई है: एनसीआर के पीआरओ**

एनसीआर के पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि विंध्याचल में मेला अवधि में तीन अनारक्षित काउंटर से टिकट वितरण की व्यवस्था की गई है। वहीं, आरक्षित काउंटर को दोनों पालियों में आठ से दो एवं दो से आठ बजे तक टिकट बुक होगी।

## 'किसानों को मिलेगी प्रति हेक्टेयर 32 हजार रु. की राहत'



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ओला-वृष्टि और असमय बारिश से फसलों के 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान पर किसानों को प्रति हेक्टेयर अब 32 हजार रुपये की राहत राशि दी जाएगी। साथ ही फसल बीमा की राशि अलग से दी जाएगी। उन्होंने उद्यानिकी फसलों को भी सर्वे में शामिल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि किसान चिंता न करे, परेशान न हो, चिंता के लिए मैं हूँ और किसान बहन और भाइयों को सभी तरह के संकट से बाहर निकाल कर ले जाऊँगा। मुख्यमंत्री चौहान मंगलवार को विदिशा जिले की गुलाबगंज तहसील के पटवारीखेड़ी, हथियाखेड़ा, घुरदा, मूडरागणेश और मढ़ीचौबीसा गाँव में ओला-वृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने के बाद किसानों को ढाँढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान चिंता नहीं करें, प्रत्येक प्रभावित खेत का सर्वे मानवीय दृष्टिकोण और उदारता से होगा, जिससे किसानों को भरपूर राहत दी जा सके। उन्होंने कहा कि प्रभावित जिलों में सर्वे का कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कोई भी हीला-हवाली नहीं करें और पारदर्शी तरीके से नुकसान का सर्वे करें। उन्होंने कहा कि सर्वे सूची पंचायत भवन पर प्रदर्शित की जायेगी और आपत्ति होने पर उसका भी निराकरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने किसानों से कहा कि एक हेक्टेयर फसल में 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान पर 32 हजार, गाय-भैंस हानि पर साढ़े 37 हजार, भेड़-बकरी पर 4 हजार बछिया पर 2 हजार और मुर्गा-मुर्गी की हानि पर 100 रूपए प्रत्येक के मान से राहत राशि दी जाएगी। मकानों को हुई क्षति पर भी सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि किसान बिल्कुल भी चिंतित न हो। पीड़ित किसानों की कर्ज वसूली की तारीख तो बढ़ाई ही जायेगी साथ ही ब्याज भी सरकार ही भरेगी और अगली फसल के लिए भी जीरो प्रतिशत ब्याज पर लोन दिलाया जायेगा।

